# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)

## अगस्त भाग-2 2020



दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009

फोन: 8750187501

ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न Part -2

1. निम्नलिखित में से कौन-से युग्म सुमेलित हैं?

| सिंचाई परियोजना | | राज्य |
|---|---|---|
| 1. रिहंद | : | उत्तर प्रदेश |
| 2. गिरना | : | महाराष्ट्र |
| 3. पाम्बा | : | केरल |

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

2. निम्नलिखित में से कौन-सी/से योजनाएँ/संगठन भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत आती/आते हैं?

1. राष्ट्रीय सेवा योजना
2. नेहरू युवा केंद्र संगठन
3. राष्ट्रीय कैडेट कोर

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

3. नीचे दो कथन दिये गए हैं, एक को कथन और दूसरे को कारण कहा गया है।

कथन (A): ब्लैक होल एक ऐसा खगोलीय अस्तित्त्व है जिसे दूरबीन से देखा नहीं जा सकता है।

कारण (R): ब्लैक होल पर गुरुत्त्वीय क्षेत्र इतना प्रबल होता है कि यह प्रकाश को भी बचकर निकलने नहीं देता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
b. (A) और (R) दोनों सही हैं तथा परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
c. (A) सही है, परंतु (R) गलत है।
d. (R) सही है, परंतु (A) गलत है।

4. 'भारत-नेट परियोजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'भारत-नेट परियोजना' की शुरुआत अक्तूबर 2011 में की गई थी, जिसे मूल रूप से 'नेशनल ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क' (NOFN) नाम से जाना जाता था।
2. परियोजना के तहत सभी 2.5 लाख ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क से जोड़ने के लक्ष्य को तय समय से पूर्व ही जनवरी 2020 में पूरा कर लिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

5. संपूर्ण दुनिया का पारसी समुदाय इस त्योहार को मार्च माह के आस-पास मनाता है, जबकि भारत और पाकिस्तान का पारसी समुदाय इस त्योहार को अगस्त के माह में मानते हैं। इसका मुख्य कारण है कि भारत में रहने वाला पारसी समुदाय 'शहंशाही कैलेंडर' (Shahenshahi Calendar) को मानता है, जबकि शेष विश्व का पारसी समुदाय 'ईरानी कैलेंडर' को मानता है। शहंशाही कैलेंडर में लीप इयर को नहीं माना जाता, जिसके कारण इसमें ईरानी कैलेंडर की अपेक्षा नवरोज़ त्योहार लगभग 200 दिन बाद आता है। भारत में यह त्योहार सबसे अधिक महाराष्ट्र और गुजरात में मनाया जाता हैं।

   उपर्युक्त गद्यांश में निम्नलिखित में से किस त्योहार को संदर्भित किया गया है?

   a. चैत्र शुक्ल प्रतिपदा
   b. गुड़ी पड़वा
   c. उगादि
   d. नवरोज़

6. 'नेशनल ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइज़ेशन' (NOTTO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. यह भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत स्थापित एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन है।
   2. यह देश में मानव अंगों का रख-रखाव, आवंटन एवं वितरण से संबंधित गतिविधियों के लिये शीर्ष निकाय के रूप में कार्य करता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2

7. निम्नलिखित में से कौन-से युग्म सुमेलित हैं?

| | घाटी | | अवस्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | डेथ वैली (मृतक घाटी) | : | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 2. | चुंबी घाटी | : | भारत, भूटान एवं तिब्बत सीमा पर |
| 3. | पंजशीर घाटी | : | अफगानिस्तान |

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3

8. आंशिक ऋण गारंटी योजना 2.0 (PCGS 2.0) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. यह योजना भारत सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के एक हिस्से के रूप में शुरू की गई थी।
   2. इस योजना के तहत NBFCs/HFCs/MFI द्वारा जारी किये गए 'AA' और उससे कम रेटिंग वाले बॉन्डों या कामर्शियल पेपरों (CP) को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा खरीदे जाने पर पोर्टफोलियो गारंटी प्रदान की जाती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

9. वास्तुकला की इंडो-गोथिक शैली की निम्नलिखित विशेषताओं के संदर्भ में विचार कीजिये:

1. नुकीली मेहराबें
2. इमारत में बड़ी-बड़ी खिड़कियों का होना
3. इंडो-इस्लामिक वास्तुकला की तुलना में इस शैली की दीवारों का बहुत पतला होना

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

10. इथेनॉल, जैव ईंधन का प्रमुख स्रोत है। इथेनॉल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक जल युक्त मेथिल अल्कोहल है जिसका रासायनिक सूत्र $CH_3OH$ होता है।
2. यह सामान्यत: उन पदार्थों से प्राप्त किया जाता है जिसमें स्टार्च की उच्च मात्रा होती है।
3. इथेनॉल में ऑक्सीजन के अणु होते हैं अत: इथेनॉल के पेट्रोल के साथ सम्मिश्रण से ईंधन का अधिक पूर्ण दहन संभव हो पाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 3
c. केवल 2 और 3
d. 1, 2 और 3

11. हाल ही में समाचारों में रहे शक्ति (SHAKTI) और वेगा (VEGA) हैं:

a. शार्ट रेंज मिसाइल
b. माइक्रोप्रोसेसर
c. COVID-19 से संबंधित शोध केंद्र
d. हिंद महासागर में अवस्थित भारत के नौसैनिक अड्डे

12. यह एक स्थायी रक्त विकार है। यह एक आनुवंशिक विकार है, जिसके कारण एक रोगी के लाल रक्त कणों (RBC) में पर्याप्त हीमोग्लोबिन नहीं बन पाता है। इसके कारण एनीमिया हो जाता है और रोगियों को जीवित रहने के लिये प्रत्येक दो से तीन सप्ताह बाद रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है। यह माता-पिता के जींस के माध्यम से बच्चों को मिलने वाला एक आनुवंशिक विकार है। इस रोग की गंभीरता जीन में शामिल उत्परिवर्तन और उनकी अंत:क्रिया पर निर्भर करती है।

उपर्युक्त गद्यांश में किस रोग को संदर्भित किया गया है?

a. थैलीसीमिया
b. आंत्र-ज्वर
c. बबल-बेबी रोग
d. रिंगवार्म

13. स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह देश के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण का पाँचवां संस्करण है।
2. यह विश्व का सबसे बड़ा स्वच्छता सर्वेक्षण है।
3. इसका आयोजन भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 3
c. केवल 2 और 3
d. 1, 2 और 3

नोट :

14. आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 46 के तहत गठित यह कोष किसी भी आपदा की स्थिति या आपदा के कारण आपातकालीन प्रतिक्रिया, राहत और पुनर्वास के खर्चों को पूरा करने के लिये केंद्र सरकार द्वारा प्रबंधित किया जाता है। यह गंभीर प्राकृतिक आपदा के मामले में राज्यों की भी सहायता करता है, बशर्ते राज्यों के पास पर्याप्त धनराशि उपलब्ध न हो। ध्यातव्य है कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) इस कोष के खातों को ऑडिट करता है।

उपर्युक्त गद्यांश में में निम्नलिखित में किस कोष को संदर्भित किया गया है?

a. पीएम-केयर्स फंड
b. राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष
c. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष
d. राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष

15. हाल ही में पंडित जसराज का निधन हो गया, वे निम्नलिखित में से किस घराने से संबंधित थे?

a. लखनऊ घराना
b. मेवाती घराना
c. जयपुर घराना
d. आगरा घराना

16. 'गुरु ग्रंथ साहिब' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे सिख धर्म में शाश्वत गुरु का दर्जा दिया गया है, यह सिख धर्म का प्रमुख धार्मिक ग्रंथ है।
2. इसकी रचना मुख्य रूप से 6 सिख गुरुओं (गुरु नानक, गुरु अंगद, गुरु अमर दास, गुरु राम दास, गुरु अर्जुन देव एवं गुरु तेग बहादुर) द्वारा की गई थी।
3. गुरु ग्रंथ साहिब को गुरमुखी लिपि में विभिन्न भाषाओं में लिखा गया है, जिसमें लहंदा, ब्रजभाषा, कौरवी, संस्कृत, सिंधी एवं फारसी शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 3
c. केवल 2 और 3
d. 1, 2 और 3

17. 'पीएम स्वनिधि योजना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस योजना की शुरुआत 1 जून, 2020 को केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा की गई थी।
2. यह योजना COVID-19 के मद्देनज़र लॉकडाउन से प्रभावित छोटे दुकानदारों एवं फेरीवालों को आर्थिक रूप से सहयोग प्रदान करने के लिये शुरू की गई थी।
3. इस योजना के तहत छोटे दुकानदार 10,000 रुपए तक के ऋण के लिये आवेदन कर सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 3
c. केवल 2 और 3
d. 1, 2 और 3

नोट :

18. निम्नलिखित में से कौन से राज्य भाखड़ा-नांगल बहुउद्देशीय परियोजना से जल प्राप्त करते हैं?

1. हिमाचल प्रदेश
2. पंजाब
3. हरियाणा
4. राजस्थान

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1, 2 और 3
b. केवल 2, 3 और 4
c. केवल 1, 2 और 4
d. 1, 2, 3, 4

19. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | प्लास्टिक प्रदूषक | | कणों का आकार |
|---|---|---|---|
| 1. | माइक्रोप्लास्टिक | : | 10 मिलीमीटर से छोटे |
| 2. | नैनोप्लास्टिक | : | 100 नैनोमीटर से छोटे |
| 3. | माइक्रोबीड्स | : | 1 मिलीमीटर से छोटे |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सुमेलित हैं?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (NRA) प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिये अलग-अलग परीक्षाओं का आयोजन करेगी।
2. राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी के शासी निकाय में कर्मचारी चयन आयोग (SSC), रेलवे भर्ती बोर्ड (SSC) और इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनेल सेलेक्शन (IBPS) के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।
3. सामान्य योग्यता परीक्षा (CET) में प्राप्त अंक 3 वर्षों के लिये मान्य होंगे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 3
d. 1, 2 और 3

21. हाल ही में समाचारों में रहा 'मिलेनियम एलायंस' है:

a. वैश्विक पूंजीपतियों को एक समूह
b. हाथी संरक्षण में संलग्न एक NGO
c. एक नवाचार एवं प्रभाव-केंद्रित पहल
d. उपर्युक्त में से कोई **नहीं**

नोट :

22. 'नमथ बसई कार्यक्रम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ऑनलाइन शिक्षा से संबंधित यह कार्यक्रम केरल सरकार द्वारा चलाया गया है।
2. इस कार्यक्रम में जनजातीय बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा दी जाती है।
3. इस कार्यक्रम को समग्र शिक्षा केरल (SSK) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 3
c. केवल 2 और 3
d. 1, 2 और 3

23. 11वीं शताब्दी के लिंगराज मंदिर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ओडिशा के भुवनेश्वर में स्थित यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है।
2. इस मंदिर का निर्माण देउल शैली (Deula Style) में किया गया है।
3. इस मंदिर का निर्माण पाल वंश के राजाओं द्वारा कराया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 3
c. केवल 2 और 3
d. 1, 2 और 3

24. भारत और नेपाल द्वारा गठित 'बाउंड्री वर्किंग ग्रुप' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत और नेपाल द्वारा बाउंड्री वर्किंग ग्रुप' का गठन वर्ष 2014 में किया गया था।
2. 'बाउंड्री वर्किंग ग्रुप' की बैठक में भारतीय पक्ष का नेतृत्व भारतीय विदेश सचिव द्वारा किया जाता है।
3. 'बाउंड्री वर्किंग ग्रुप' के गठन का उद्देश्य सीमा पर सैन्य सहायता उपलब्ध कराना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

25. 'वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 2010 में गठित इस परिषद की अध्यक्षता प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है।
2. इसका कार्य वित्तीय स्थिरता, वित्तीय क्षेत्र के विकास, अंतर-नियामक समन्वय, वित्तीय साक्षरता, वित्तीय समावेशन तथा बड़ी वित्तीय कंपनियों के कामकाज सहित अर्थव्यवस्था से जुड़े छोटे-छोटे मुद्दों का विवेकपूर्ण पर्यवेक्षण करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

26. 'प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसके तहत किसी भी परियोजना के लिये आर्थिक सहायता प्राप्त करने हेतु शैक्षिक योग्यता के रूप में स्नातक को न्यूनतम आधार माना गया है।
2. इसके तहत केवल नई इकाइयों की स्थापना के लिये सहायता प्रदान की जाती है।
3. इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सामान्य श्रेणी (General Category) के लाभार्थी परियोजना की लागत का 35% सब्सिडी प्राप्त कर सकते हैं।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

27. 'गोरूमारा नेशनल पार्क' के संदर्भ निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत के असम राज्य में अवस्थित एक राष्ट्रीय उद्यान है।
2. इसे जनवरी, 1994 में राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा दिया गया था।
3. यह राष्ट्रीय उद्यान मुख्य रूप से भारतीय गैंडों की आबादी के लिये प्रसिद्ध है।

उपरोक्त में से कौन सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 1
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

28. 'ड्रैगनफ्लाई फेस्टिवल-2020' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ड्रैगनफ्लाई फेस्टिवल की शुरुआत वर्ष 2018 में हुई थी।
2. इसका उद्देश्य ओडोनेट (Odonata) वर्ग से संबंधित जीवों के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना है।
3. इसे WWF इंडिया, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी और इंडियन ड्रैगनफ्लाई सोसाइटी द्वारा आयोजित किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 3
c. केवल 2 और 3
d. 1, 2 और 3

29. 'अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रारंभ में इस योजना को 1 जुलाई, 2018 को दो वर्ष की अवधि के लिये शुरू किया गया था।
2. इस योजना का कार्यान्वयन भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) द्वारा किया जाता है।
3. इस योजना का उद्देश्य, कर्मचारियों को दुर्घटना या सहज मृत्यु पर जोखिम कवर प्रदान करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 2
d. केवल 1 और 3

नोट :

30. 'ज़ोहर गैस फील्ड' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह तुर्की का एक प्राकृतिक गैस भंडार है।
    2. यह गैस फील्ड काला सागर (Black Sea) में अवस्थित है।
    3. इस गैस फील्ड की खोज वर्ष 2015 में की गई थी।

    उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?

    a. केवल 1 और 2
    b. केवल 2 और 3
    c. केवल 1 और 3
    d. 1, 2 और 3

31. हाल ही में समाचारों में रही 'नुआखाई जुहार' है:
    a. कृषि उत्सव
    b. सर्प की एक प्रजाति
    c. जनजातीय वैवाहिक प्रथा
    d. राजस्थानी लोकप्रथा

32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. भारतीय चुनाव आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को संविधान के अनुसार की गई थी।
    2. भारतीय चुनाव आयोग भारत में लोकसभा, राज्यसभा, राज्य विधानसभाओं, राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया का अधीक्षण, निर्देशन एवं नियंत्रण करता है।
    3. मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है जबकि शेष दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति मुख्य निर्वाचन आयुक्त करता है।

    उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

    a. केवल 1
    b. केवल 1 और 3
    c. केवल 3
    d. 1, 2 और 3

33. हाल ही में समाचारों में रही 'शेकतकर समिति' संबंधित है:
    a. रक्षा व्यय के पुनर्संतुलन एवं सशस्त्र बलों की क्षमता निर्माण से
    b. भारतीय पूंजी बाज़ार मानदंडों के पुनर्गठन से
    c. भारत-चीन सीमा पर सुरक्षा उपायों की समीक्षा से
    d. बढ़ती जनसंख्या एवं संसाधनों के अवलोकन से

34. भारत में जल संरक्षण के प्रयासों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. 'समग्र जल प्रबंधन सूचकांक' (CWMI) केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड द्वारा जारी किया जाता है।
    2. भारत सरकार द्वारा 'जल जीवन मिशन' के तहत वर्ष 2030 तक नल कनेक्शन के माध्यम से सभी ग्रामीण घरों में सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।
    3. देश में निम्न भू-जल स्तर वाले क्षेत्रों में भूजल संरक्षण के लिये वर्ष 2019 में 'अटल भूजल योजना' की शुरुआत की गई थी।

    उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?

    a. केवल 1 और 2
    b. केवल 2 और 3
    c. केवल 1 और 3
    d. 1, 2 और 3

**नोट :**

35. ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अधिनियम सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री की अध्यक्षता में 'ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिये एक राष्ट्रीय परिषद' की स्थापना का प्रावधान करता है।
2. इस अधिनियम के अनुसार, ट्रांसजेंडर व्यक्ति 'ट्रांसजेंडर' पहचान प्रमाण पत्र के लिये मुख्य ज़िला चिकित्सा अधिकारी को आवेदन कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

36. यह जनजाति मुंडा नृजातीय समूह (Munda Ethnic Group) से संबंधित है जो ओडिशा, छत्तीसगढ़ एवं आंध्र प्रदेश के जंक्शन (तीन राज्यों की आपस में मिलने वाली सीमा) के पास दक्षिण-पश्चिम ओडिशा के मलकानगिरी ज़िले के पहाड़ी क्षेत्रों में निवास करती है। यह जनजाति पहाड़ियों पर छोटी-छोटी झोंपड़ियों वाली बस्तियों में निवास करती है। यह जनजाति भारतीय संविधान के तहत अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत आती है और ये रेमो (Remo) के नाम से भी जाने जाते हैं। इसे भारत के विशेष रूप से कमज़ोर आदिवासी समूह (PVTGs) के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। भारत में इनकी जनसंख्या लगभग 7000 है। भारत में बंधुआ मज़दूर (Unfree Labour) या गोटी प्रणाली (Goti System) को इस जनजाति के लोगों द्वारा गुफाम (Gufam) के रूप में जाना जाता है।

उपर्युक्त गद्यांश में निम्नलिखित में से किस जनजाति को संदर्भित किया गया है?

a. इरुला जनजाति
b. बोंडा जनजाति
c. मुडुका जनजाति
d. कुरुम्बा जनजाति

37. ब्रह्मपुत्र नदी पर निर्मित भारत के सबसे लंबे यात्री रोपवे (Ropeway) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 1.82 किलोमीटर लंबा यह बाई-केबल जिग-बैक रोपवे अरुणाचल प्रदेश के दो शहरों को आपस में जोड़ता है।
2. यह रोपवे ब्रह्मपुत्र नदी के मध्य में अवस्थित पीकॉक द्वीप (Peacock Island) के ऊपर से गुजरता है जिसमें एक मध्यकालीन शिव मंदिर उमानंद (Umananda) स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

38. 'सांता आना पवनों' (Santa Ana Winds) की विशेषताओं के संदर्भ में विचार कीजिये:

1. ये पवनें अत्यंत शुष्क एवं गर्म होती हैं।
2. ये पवनें अक्तूबर एवं मार्च के मध्य प्रवाहित होती हैं।
3. ये पवनें पूर्व या उत्तर-पूर्व की ओर चलती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

नोट :

39. डीएनए प्रौद्योगिकी (उपयोग एवं अनुप्रयोग) विनियमन विधेयक, 2019 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस विधेयक में केवल आपराधिक मामलों से संबंधित डीएनए डेटा के संग्रह का प्रावधान किया गया है।
2. इस विधेयक में डीएनए प्रयोगशालाओं को मान्यता देने के लिये 'डीएनए नियामक बोर्ड' की स्थापना का प्रावधान शामिल किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

40. भारत सरकार द्वारा जुलाई 2017 में न्यायमूर्ति बी.एन. श्री कृष्ण की अध्यक्षता में स्थापित 'श्री कृष्ण समिति' किस क्षेत्र/विषय से संबंधित है?

a. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (National Education Policy)
b. सार्वजनिक उपक्रमों में विनिवेश (Disinvestment in PSUs)
c. बैंकिंग सुधार (Banking Reform)
d. डेटा सुरक्षा (Data Protection)

41. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | चित्रकला | क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | वारली | महाराष्ट्र |
| 2. | सित्तनवासल | केरल |
| 3. | बादामी | कर्नाटक |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 1 और 3
c. केवल 3
d. केवल 2 और 3

42. राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस कार्यक्रम की शुरुआत 10 जनवरी, 2019 को की गई थी।
2. यह वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिये व्यापक और समयबद्ध रूप से बनाया गया पाँच वर्षीय कार्यक्रम है।
3. NCAP केवल एक योजना नहीं है बल्कि कानूनन बाध्यकारी है तथा इसमें ई-दंडात्मक कार्रवाई करने या जुर्माना लगाने का प्रावधान है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

नोट :

43. भारत में चुनावी बॉण्ड योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. चुनावी बॉण्ड राजनीतिक दलों को दान देने हेतु एक वित्तीय साधन है।
2. सभी सार्वजनिक बैंक इन बॉण्डों को जारी करने और भुनाने (Encash) के लिये अधिकृत बैंक है।
3. ये बॉण्ड जारी करने की तारीख से पंद्रह दिनों तक वैध रहते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

44. 'भारत-प्रशांत महासागरीय पहल' (IPOI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस पहल की शुरुआत नवंबर, 2019 में भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा 'पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन' के दौरान की गई थी।
2. यह पहल भारत-प्रशांत क्षेत्र में नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था बनाने और सामान्य समाधान खोजने के लिये एक साथ कार्य करने की आवश्यकता पर बल देती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

45. यह अफ्रीका महाद्वीप का एक तेल-समृद्ध देश है जिसकी उत्तरी सीमा भूमध्यसागर से मिलती है। इस देश में अफ्रीका का सबसे बड़ा तेल भंडार उपलब्ध है। इस देश का अधिकांश भाग सहारा रेगिस्तान के अंतर्गत आता है। वर्ष 1951 में स्वतंत्रता प्राप्त होने से पूर्व यह देश सदियों तक विदेशी शासन के अधीन रहा और स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद यह देश खनिज तेल आधारित अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में उभरा। वर्ष 1922 में यहाँ के अज़ीज़िया शहर में विश्व में सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया था।

उपर्युक्त गद्यांश में निम्नलिखित में से किस अफ्रीकी देश को संदर्भित किया गया है?

a. मिस्र
b. अल्जीरिया
c. ट्यूनिशिया
d. लीबिया

46. भारतीय शास्त्रीय संगीत के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ठुमरी, रागों का एक मिश्रित रूप है जो आमतौर पर अर्द्ध-शास्त्रीय भारतीय संगीत माना जाता है।
2. ख्याल हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत का एक रूप है जिसे 13वीं-14वीं शताब्दी में अमीर खुसरो ने प्रोत्साहन दिया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

47. ओणम (Onam) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ओणम केरल राज्य में कृषि पर्व कहलाता है तथा इसे मुख्य तौर पर मलयाली हिंदू मनाते हैं।
2. ओणम मलयालम कैलेंडर के पहले महीने 'चिंगम' से शुरू होता है, इसलिये इसे मलयाली हिंदुओं का नववर्ष भी कहा जाता है।
3. पुलिक्कली (Pulikkali) केरल के त्रिशूर (Thrissur) में मनाए जाने वाले ओणम (Onam) उत्सव का एक अनिवार्य हिस्सा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

48. भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. RBI की मौद्रिक नीति समिति का गठन वर्ष 2018 में किया गया था।
2. मौद्रिक नीति समिति के सभी सदस्यों की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाती है।
3. मौद्रिक नीति समिति, मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने हेतु रेपो दर तय करने का कार्य करती है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

49. भारत सरकार द्वारा देश में खाद्य सुरक्षा की दिशा में किये गए प्रयासों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'अंत्योदय अन्न योजना' की शुरुआत वर्ष दिसंबर 2000 में की गई थी।
2. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 की धारा-38 के तहत किसी व्यक्ति को 'अंत्योदय अन्न योजना' में शामिल करने का प्रावधान किया गया है।
3. इस योजना के तहत लाभार्थी परिवार को प्रति माह 25 किग्रा. खाद्यान्न दिये जाने का प्रावधान किया गया है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** है?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज़ द्वारा जारी निर्यात तत्परता सूचकांक का उद्देश्य भारतीय राज्यों की निर्यात तत्परता का मूल्यांकन करना है।
2. निर्यात तत्परता सूचकांक उन सभी कारकों का आकलन करता है जो निर्यात प्रदर्शन को निर्धारित करने में आवश्यक भूमिका अदा करते हैं।
3. निर्यात तत्परता सूचकांक के चार स्तंभों में निर्यात निष्पादन शामिल नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 1 और 2
c. केवल 2
d. 1, 2 और 3

**नोट :**

51. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | संवैधानिक संशोधन | | संबंध |
|---|---|---|---|
| 1. | 101वाँ | : | वस्तु एवं सेवा कर |
| 2. | 102वाँ | : | भारत- बांग्लादेश सीमा समझौता |
| 3. | 103वाँ | : | राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग |

उपर्युक्त युग्मों में कौन-सा/ से सुमेलित **नहीं** है/हैं ?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 3
c. केवल 2 और 3
d. 1, 2 और 3

52. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | भारत सरकार की पहल | | संबंधित मंत्रालय |
|---|---|---|---|
| 1. | डिजीलॉकर | : | केंद्रीय वित्त मंत्रालय |
| 2. | भविष्य | : | केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय |
| 3. | सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली | : | केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय |

उपरोक्त युग्मों में से कौन-से सुमेलित **नहीं** हैं ?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

53. हाल ही में चर्चा में रहा 'ई-बात' (e-BAAT) कार्यक्रम किस क्षेत्र/विषय से संबंधित है ?

a. यह मानसिक अवसाद पर जागरूकता हेतु राष्ट्रीय महिला आयोग की एक पहल है।
b. यह COVID-19 के दौरान रेडियो के माध्यम से शिक्षा की पहुँच को बढ़ाने हेतु केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया एक कार्यक्रम है।
c. यह ऑनलाइन बैंकिंग के दौरान सुरक्षा से जुड़े मुद्दों के प्रति जागरूकता हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा शुरू किया आया एक कार्यक्रम है।
d. उपरोक्त में से कोई नहीं

54. निम्नलिखित में से कौन सी जनजातियाँ भारत के अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में पाई जाती हैं ?

1. सेंटिनली (Sentinelese)
2. जारवा (Jarawa)
3. ओंगे (Onge)
4. शोम्पेन (Shompen)

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1, 2 और 4
b. केवल 2, 3 और 4
c. केवल 1 और 4
d. 1, 2, 3 और 4

नोट :

55. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | अनुसूची | | संबंध |
|---|---|---|---|
| 1. | आठवीं अनुसूची | : | मान्यता प्राप्त 22 प्रादेशिक भाषाओं से |
| 2. | छठी अनुसूची | : | असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम में जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के लिये |
| 3. | चौथी अनुसूची | : | राज्य सभा में स्थानों के आवंटन से |

उपर्युक्त युग्मों में कौन-सा/से सुमेलित है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 3
c. केवल 2 और 3
d. 1, 2 और 3

56. 'एसोसिएशन ऑफ रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसीज़ ऑफ स्टेट्स' (AREAS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका गठन केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की पहल पर आपस में बातचीत करने और एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने के लिये किया गया है।
2. इसका पंजीकरण 27 अगस्त, 2014 को सोसायटी पंजीकरण अधिनियम-1860 (Society Registration Act-1860) के तहत किया गया था।
3. AREAS के संरक्षक प्रधानमंत्री तथा इसके पदेन अध्यक्ष नीति आयोग के उपाध्यक्ष होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

57. मच्छरों की विभिन्न प्रजातियों और उनसे होने वाली बीमारियों के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | प्रजाति | | बीमारी |
|---|---|---|---|
| 1. | एडीज़ एजिप्टी (Aedes Aegypti) | : | जापानी इन्सेफेलाइटिस |
| 2. | क्यूलेक्स (Culex) | : | डेंगू बुखार |
| 3. | मादा एनाफिलीज़ (Anopheles) | : | मलेरिया |

उपर्युक्त युग्मों में कौन-सा/से सुमेलित है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 3
c. केवल 2 और 3
d. 1, 2 और 3

58. निम्नलिखित में से कौन-सा द्वीप भारत के अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह का हिस्सा है?

1. स्ट्रेट आईलैंड (Strait Island)
2. बाराटांग द्वीप (Baratang Island)
3. फीनिक्स द्वीप (Phoenix Islands)

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 3
d. 1, 2 और 3

नोट :

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान के न तो 'अल्पसंख्यक' शब्द का प्रयोग किया गया है और न ही इसे परिभाषित किया गया है।
2. भारतीय संविधान के अनुच्छेद-30 के तहत प्रदान किये गए अधिकार अल्पसंख्यक तथा बहुसंख्यक दोनों को प्राप्त हैं जबकि अनुच्छेद-29 के तहत प्रदान किये गए अधिकार केवल अल्पसंख्यकों के लिये हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

60. निम्नलिखित कथनों पर पर विचार कीजिये:

1. भारत के सभी राज्यों के स्थानीय निकायों के चुनाव हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्मित मतदाता सूची का प्रयोग करना अनिवार्य है।
2. भारतीय संविधान में राज्य विधानसभाओं के चुनाव संपन्न कराने का दायित्त्व राज्य निर्वाचन आयोग को दिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

61. 'पीएम यंग अचीवर्स स्कॉलरशिप अवार्ड योजना फॉर वाइब्रेंट इंडिया' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका क्रियान्वयन सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा किया जाएगा।
2. इसमें केवल अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के छात्र ही लाभार्थी होंगे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

62. 'आसियान भारत व्यापार परिषद' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आसियान भारत व्यापार परिषद की स्थापना वर्ष 2009 में की गई थी।
2. AIBC का सचिवालय मलेशिया में स्थित है।
3. आसियान भारत व्यापार परिषद की बैठकों का आयोजन वर्ष में दो बार किया जाता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं ?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

**नोट :**

63. दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस अधिनियम के तहत दिव्यांगता के मौजूदा प्रकारों को 7 से बढ़ाकर 15 कर दिया गया है।
2. इसके तहत बेंचमार्क विकलांगता से अभिप्राय उन लोगों से है जो कम-से-कम 40 प्रतिशत विकलांगता से प्रभावित हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

64. केरल के महान शासक राजा महाबली (King Mahabali) की स्मृति के सम्मान में मनाए जाने वाले इस त्योहार को केरल का सबसे लोकप्रिय पर्व माना जाता है, यह प्राय: सितंबर माह के पहले पखवाड़े में मनाया जाता है। यह राज्य का कृषि पर्व कहलाता है जिसे मुख्य तौर पर मलयाली हिंदू मनाते हैं। यह मलयालम कैलेंडर के पहले महीने 'चिंगम' से शुरू होता है, इसलिये इसे मलयाली हिंदुओं का नववर्ष भी कहा जाता है।

उपर्युक्त गद्यांश में निम्नलिखित में से किस भारतीय त्योहार को संदर्भित किया गया है?

a. पोंगल
b. नवरोज़
c. मकराविलाक्कू
d. ओणम

65. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सप्लाई चैन रेज़ीलिएंस इनीशिएटिव में भारत-जापान-ऑस्ट्रेलिया के अलावा आसियान देश भी शामिल हैं।
2. इस पहल के तहत भागीदार देशों के बीच मौजूद आपूर्ति शृंखला नेटवर्क को और मज़बूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

## व्याख्या

1. (d)

**व्याख्या:**

- रिहंद सिंचाई परियोजना को 'गोविंद बल्लभ पंत सागर' के नाम से भी जाना जाता है। यह आयतन के आधार पर भारत का सबसे बड़ा बांध है और यह भारत की सबसे बड़ी कृत्रिम झील है। इसका जलाशय क्षेत्र मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा पर अवस्थित है। यह सोन नदी की एक सहायक नदी रिहंद नदी पर अवस्थित है। रिहंद बांध उत्तर प्रदेश में सोनभद्र ज़िले के पिपरी में स्थित एक कंक्रीट गुरुत्वाकर्षण बांध है। **अत: युग्म 1 सही है।**
- गिरना सिंचाई परियोजना महाराष्ट्र के जलगाँव ज़िले में गिरना नदी पर निर्मित है। **अत: युग्म 2 सही है।**
- पाम्बा सिंचाई परियोजना पाम्बा नदी पर केरल के पट्टानामथिट्टा ज़िले में अवस्थित है। **अत: युग्म 3 सही है।**

2. (d)

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय सेवा योजना (National Service Scheme) भारत सरकार द्वारा प्रायोजित एक सार्वजनिक सेवा कार्यक्रम है जो भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत आता है। यह योजना वर्ष 1969 में गांधीजी के जन्म शताब्दी वर्ष पूरे होने के अवसर पर शुरू की गई थी। इस योजना का उद्देश्य सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व का विकास करना है। **अत: युग्म 1 सही है।**

नोट :

- नेहरू युवा केंद्र संगठन (Nehru Yuva Kendra Sangathan) की स्थापना वर्ष 1987-88 में एक स्वायत्त संगठन के रूप में भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के तहत की गई थी। यह दुनिया में एक अलग तरह का सबसे बड़ा ज़मीनी स्तर का युवा संगठन है। **अतः युग्म 2 सही है।**
- भारत में राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) की स्थापना 15 जुलाई, 1948 को राष्ट्रीय कैडेट कोर अधिनियम, 1948 (The National Cadet Corps Act 1948) के तहत हुई थी। NCC का मुख्यालय नई दिल्ली में है। भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्यरत NCC देश का सबसे बड़ा वर्दी वाला युवा संगठन है जो विभिन्न स्तर की सामाजिक सेवा एवं सामुदायिक विकास की गतिविधियाँ संचालित करता है। **अतः युग्म 3 सही है।**

3. (a)

**व्याख्या:**

- ब्लैक होल को दूरबीन से देख पाना संभव नहीं है क्योंकि अत्यधिक उच्च घनत्त्व होने के कारण इसका प्रबल गुरुत्त्वीय क्षेत्र किसी भी प्रकार के विकिरण यहाँ तक कि प्रकाश किरणों को भी निकलने नहीं देता है। **अतः विकल्प ( a ) सही है।**

4. (a)

**व्याख्या:**

- 'भारत-नेट परियोजना' की शुरुआत अक्तूबर 2011 में की गई थी, जिसे मूल रूप से 'नेशनल ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क' (NOFN) नाम से जाना जाता था। **अतः कथन 1 सही है।**
- देशभर की 2.5 लाख ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क से जोड़ने के लिये केंद्र सरकार द्वारा फ्लैगशिप कार्यक्रम 'भारत-नेट प्रोजेक्ट' की शुरुआत की गई थी।
- भारतनेट परियोजना के प्रथम चरण को जून 2014 में प्रारंभ किया गया था जिसके लक्ष्य को दिसंबर 2017 तक पूरा कर लिया गया।
- प्रथम चरण में 1 लाख पंचायतों के ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी के लक्ष्य की तुलना में 1,22,908 पंचायतों की कनेक्टिविटी की गई जिसकी कुल लागत 11,200 करोड़ रुपए थी।
- दूसरे चरण में शेष 1,29,827 ग्राम पंचायतों को मार्च 2020 तक कवर किया जाना था। जिसकी समय सीमा को वर्तमान में बढ़ाकर अगस्त 2021 तक कर दिया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

5. (d)

**व्याख्या:**

- नवरोज़ संपूर्ण विश्व के पारसी समुदाय का एक महत्त्वपूर्ण त्योहार है। फारसी में 'नव' का अर्थ 'नया' होता है और 'रोज़' का अर्थ 'दिन' से होता है।
- ध्यातव्य है कि पूरी दुनिया का पारसी समुदाय नवरोज़ त्योहार को मार्च माह के आस-पास मनाता है, जबकि भारत और पाकिस्तान के पारसी समुदाय से संबंधित लोग इस त्योहार को अगस्त के माह में मानते हैं।
- इसका मुख्य कारण है कि भारत में रहने वाला पारसी समुदाय 'शहंशाही कैलेंडर' (Shahenshahi Calendar) को मानता है, जबकि शेष विश्व का पारसी समुदाय 'ईरानी कैलेंडर' को मानता है।
- शहंशाही कैलेंडर में लीप इयर को नहीं माना जाता, जिसके कारण इसमें ईरानी कैलेंडर की अपेक्षा नवरोज़ त्योहार लगभग 200 दिन बाद आता है।
- 'शहंशाही कैलेंडर' के निर्माण का श्रेय फारसी राजा जमशेद को दिया जाता है, जिसके कारण नवरोज़ त्योहार को जमशेद-ए-नवरोज़ के नाम से भी जाना जाता है।
- भारत में नवरोज़ त्योहार सबसे अधिक महाराष्ट्र और गुजरात में मनाया जाता हैं, क्योंकि भारत में इन क्षेत्रों में पारसियों की सबसे अधिक आबादी पाई जाती है। **अतः विकल्प ( d ) सही है।**

नोट :

6. (b)

**व्याख्या:**

- नेशनल ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइज़ेशन (National Organ and Tissue Transplant Organisation-NOTTO) भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के तहत स्थापित एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन है। इसके दो विभाग हैं: 1. नेशनल ह्यूमन ऑर्गन एंड टिश्यू रिमूवल एंड स्टोरेज नेटवर्क (National Human Organ and Tissue Removal and Storage Network) 2. राष्ट्रीय बायोमेट्रिक केंद्र (National Biomaterial Centre)। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- NOTTO देश में मानव अंगों का रखरखाव, आवंटन एवं वितरण से संबंधित गतिविधियों के लिये शीर्ष निकाय के रूप में कार्य करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत में अंग दान को 'मानव अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994' (Transplantation of Human Organs and Tissues Act, 1994) द्वारा विनियमित किया जाता है।

7. (d)

**व्याख्या:**

- संयुक्त राज्य अमेरिका में डेथ वैली (मृतक घाटी) उत्तरी मोजावे रेगिस्तान (Northern Mojave Desert) के पूर्वी कैलिफोर्निया में एक रेगिस्तानी घाटी है। **अतः युग्म 1 सही है।**
- डेथ वैली रिफ्ट घाटी का एक उदाहरण है। रिफ्ट घाटी का विकास तब होता है जब दो भ्रंश रेखाओं के बीच का चट्टानी भाग या स्तंभ नीचे की ओर धंस जाता है।
  - यह मध्य पूर्व और सहारा रेगिस्तान की तरह पृथ्वी पर सबसे गर्म स्थानों में से एक है।
- डेथ वैली (मृतक घाटी) को शैतान का गोल्फ कोर्स (Devil's Golf Course) के नाम से भी जाना जाता है।
- चुंबी घाटी भारत, भूटान एवं तिब्बत सीमा पर अवस्थित है। चुंबी घाटी सिक्किम से दक्षिण-पश्चिम में नाथू-ला और जेलेप-ला दर्रों से जुड़ी हुई है। **अतः युग्म 2 सही है।**
- पंजशीर घाटी अफगानिस्तान के पंजशीर प्रांत में काबुल के उत्तर में अवस्थित है। यह घाटी पंजशीर नदी से घिरी हुई है। **अतः युग्म 3 सही है।**

8. (c)

**व्याख्या:**

- भारत सरकार द्वारा घोषित 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के एक हिस्से के रूप में आंशिक ऋण गारंटी योजना 2.0 (Partial Credit Guarantee Scheme 2.0) का शुभारंभ 20 मई, 2020 को किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस योजना का उद्देश्य 'गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों' (Non-Banking Finance Companies-NBFCs), हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों (Housing Finance Companies-HFCs), माइक्रोफाइनेंस संस्थान (MFI) द्वारा जारी किये गए 'AA' और उससे कम रेटिंग वाले बॉन्डों या कामर्शियल पेपरों (CP) को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा खरीदे जाने पर पोर्टफोलियो गारंटी प्रदान करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- केंद्रीय बजट 2019-20 में यह घोषणा की गई थी कि 'चालू वित्त वर्ष के दौरान वित्तीय दृष्टि से मज़बूत NBFC की कुल एक लाख करोड़ रुपए मूल्य की उच्च रेटिंग वाली संयोजित परिसंपत्तियों की खरीद के लिये सरकार 10% तक के प्रथम नुकसान के लिये सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को एकबारगी 6 माह की आंशिक ऋण गारंटी देगी।'

9. (d)

**व्याख्या:**

- गोथिक वास्तुकला (Gothic Architecture) 12वीं-16वीं शताब्दी में लोकप्रिय हुई वास्तुकला की एक यूरोपीय शैली है। यह वास्तुकला की मूल रूप से फ्राँस एवं इंग्लैंड से संबंधित है।

- अंग्रेज़ों ने भारतीय वास्तुकला की कुछ विशेषताओं को गोथिक वास्तुकला में विलय कर दिया जिसके परिणामस्वरूप वास्तुकला की इंडो-गोथिक शैली (Indo-Gothic Style) का विकास हुआ।
- इंडो-गोथिक शैली हिन्दुस्तानी, फारसी और गोथिक शैलियों का मिश्रण है। इसकी विशेषताएँ निम्नलिखित हैं:
  - इमारतों की विशाल संरचना
  - नुकीली मेहराबें
  - इमारत में बड़ी-बड़ी खिड़कियों का होना।
  - इस शैली में चर्च को क्रूस ग्राउंड योजना के आधार पर बनाया जाता था।
  - इंडो-इस्लामिक वास्तुकला की तुलना में इंडो-गोथिक शैली की दीवारें बहुत पतली होती हैं।
  - यह ब्रिटेन के उन्नत संरचनात्मक इंजीनियरिंग मानक का पालन करने वाली शैली है।
  - पहली बार इसी शैली में स्टील, लोहा और कंक्रीट-गारे का इस्तेमाल शुरू हुआ था।
- वास्तुकला की इंडो-गोथिक शैली के कुछ उदाहरण: मद्रास उच्च न्यायालय, विक्टोरिया मेमोरियल, द छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (पूर्व में विक्टोरिया टर्मिनस) आदि। **अत: विकल्प ( d ) सही है।**

10. (c)

**व्याख्या:**

- इथेनॉल एक जल रहित एथिल अल्कोहल है, जिसका रासायनिक सूत्र $C_2H_5OH$ होता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह गन्ना, मक्का, गेहूं आदि से प्राप्त किया किया जा सकता है, जिसमें स्टार्च की उच्च मात्रा होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इथेनॉल में ऑक्सीजन के अणु होते हैं अत: इथेनॉल के पेट्रोल के साथ सम्मिश्रण से ईंधन का अधिक पूर्ण दहन संभव हो पाता है जिसके परिणामस्वरूप पर्यावरण प्रदूषकों के उत्सर्जन में कमी आती है। **अत: कथन 3 सही है।**
- भारत सरकार ने 'इथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम' (EBP) के तहत वर्ष 2022 तक पेट्रोल में 10% बायो इथेनॉल सम्मिश्रण का लक्ष्य रखा है जिसे वर्ष 2030 तक बढ़ाकर 20% तक करना है।

11. (b)

**व्याख्या:**

- शक्ति (SHAKTI- 32 बिट) और वेगा (VEGA- 64 बिट) दो माइक्रोप्रोसेसर हैं जिन्हें केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय के माइक्रोप्रोसेसर विकास कार्यक्रम (Microprocessor Development Programme) के तत्त्वावधान में IIT मद्रास और 'सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग' (Center for Development of Advance Computing: C-DAC) ने 'ओपन सोर्स आर्किटेक्चर' (Open Source Architecture) का उपयोग करते हुए विकसित किये हैं। **अत: विकल्प ( b ) सही है।**
- उल्लेखनीय है कि हाल ही में केंद्रीय इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर चैलेंज (Swadeshi Microprocessor Challenge) की शुरुआत की। यह आत्मनिर्भर भारत के लिये एक नवाचार समाधान है।

12. (a)

**व्याख्या:**

- थैलेसीमिया एक स्थायी रक्त विकार (Chronic Blood Disorder) है। यह एक आनुवंशिक विकार है, जिसके कारण एक रोगी के लाल रक्त कणों (RBC) में पर्याप्त हीमोग्लोबिन नहीं बन पाता है। इसके कारण एनीमिया हो जाता है और रोगियों को जीवित रहने के लिये हर दो से तीन सप्ताह बाद रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है।
- भारत में थैलेसीमिया मेजर और थैलेसीमिया इंटरमीडिया (Thalassemia Intermedia) का गंभीर रूप परिवारों को अत्यधिक प्रभावित करता है। दोनों का प्रबंधन पूरे जीवन काल के दौरान नियमित रूप से रक्ताधान (ब्लड ट्रांसफ्यूज़न) और आयरन किलेशन थैरेपी द्वारा किया जाता है।

नोट :

- ये थैलेसीमिया सिंड्रोम माता-पिता से असामान्य (बीटा) थैलेसीमिया जीन के वंशानुक्रम के कारण उत्पन्न होता है या माता-पिता में एक से असामान्य बीटा-थैलेसीमिया जीन और दूसरे से असामान्य रूप से हीमोग्लोबिन जीन (HbE, HbD) के कारण उत्पन्न होता है। इस रोग की गंभीरता जीन में शामिल उत्परिवर्तन और उनकी अंत:क्रिया पर निर्भर करती है। **अत: विकल्प (a) सही है।**

13. (d)

**व्याख्या:**

- भारत सरकार द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण की शुरूआत स्वच्छता मिशन में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई थी।
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 (Swachh Survekshan 2020) देश के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण का पाँचवां संस्करण है। स्वच्छ सर्वेक्षण के पहले संस्करण में मैसूर शहर (कर्नाटक) ने भारत के सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार जीता था जबकि इंदौर लगातार तीन वर्षों (2017, 2018, 2019) से शीर्ष स्थान पर है। **अत: कथन 1 सही है।**
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 विश्व का सबसे बड़ा स्वच्छता सर्वेक्षण है जिसमें कुल 4242 शहरों, 62 छावनी बोर्डों और 92 गंगा तटीय शहरों की रैंकिंग की गई है। इस सर्वेक्षण में 1.87 करोड़ नागरिकों की अभूतपूर्व भागीदारी दर्ज की गई है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय (Ministry of Housing and Urban Affairs) द्वारा किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

14. (b)

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (NDRF) का गठन आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 46 के तहत किया गया है।
- इसे किसी भी आपदा की स्थिति या आपदा के कारण आपातकालीन प्रतिक्रिया, राहत और पुनर्वास के खर्चों को पूरा करने के लिये केंद्र सरकार द्वारा प्रबंधित किया जाता है।
- यह गंभीर प्राकृतिक आपदा के मामले में राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (SDRF) की सहायता करता है, बशर्ते SDRF में पर्याप्त धनराशि उपलब्ध न हो।
- ध्यातव्य है कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG), NDRF के खातों को ऑडिट करता है। **अत: विकल्प (b) सही है।**

15. (b)

**व्याख्या:**

- हाल ही में विश्व के सबसे प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय गायक पंडित जसराज (Pandit Jasraj) का निधन हो गया है।
- पद्म विभूषण से सम्मानित पंडित जसराज का जन्म 28 जनवरी, 1930 को हरियाणा के हिसार (Hissar) में संगीतकार के एक परिवार में हुआ था, वे मेवाती घराने (Mewati Gharana) के विशिष्ट संगीतज्ञ थे।
- पंडित जसराज ने संगीत के क्षेत्र में अपने कैरियर की शुरुआत एक तबलावादक के रूप में की थी, किंतु बाद में उन्होंने तबला छोड़कर शास्त्रीय संगीत गायन को अपना लिया।
- पंडित जसराज को भक्ति रस के तत्त्वों के साथ ख्याल (khayal) के मिश्रण के लिये जाना जाता है, ख्याल (khayal) राग के विस्तार पर आधारित शास्त्रीय संगीत का वह रूप है, जिसमें दो छंदों से युक्त गेय रचना शामिल होती है।
- उन्होंने जसरंगी (Jasrangi) नामक जुगलबंदी का एक अनूठा रूप विकसित किया, जिसमें एक पुरुष और एक महिला गायक अपने व्यक्तिगत प्रदर्शनों को एक एकीकृत प्रदर्शन में विलय करने के लिये अपने-अपने पैमानों में अलग-अलग राग गाते हैं। **अत: विकल्प (b) सही है।**

16. (d)

**व्याख्या:**

- सिख धर्म में गुरु ग्रंथ साहिब को शाश्वत गुरु का दर्जा दिया गया है इसी कारण इसे 'आदि ग्रंथ' के रूप में भी जाना जाता है। यह सिख धर्म का प्रमुख धार्मिक ग्रंथ है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- 'गुरु ग्रंथ साहिब' की रचना मुख्य रूप से 6 सिख गुरुओं (गुरु नानक, गुरु अंगद, गुरु अमर दास, गुरु राम दास, गुरु अर्जुन देव एवं गुरु तेग बहादुर) द्वारा की गई थी। इसमें भक्ति आंदोलन से संबंधित 13 संत कवियों एवं दो सूफी मुस्लिम कवियों की काव्य शिक्षाएँ भी शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- आदि ग्रंथ (पहला प्रतिपादन) को सिख धर्म के पाँचवें गुरु 'गुरु अर्जुन देव' द्वारा संकलित किया गया था। इस आदि ग्रंथ में सिख धर्म के दसवें गुरु 'गुरु गोविंद सिंह' ने अपना कोई भजन नहीं जोड़ा। हालाँकि उन्होंने नौवें सिख गुरु 'गुरु तेग बहादुर' के सभी 115 भजनों को इसमें जोड़ा और उनके उत्तराधिकारी के रूप में पाठ की पुष्टि की। इस दूसरी प्रस्तुति को गुरु ग्रंथ साहिब के रूप में जाना जाता है और कभी-कभी इसे आदि ग्रंथ भी कहा जाता है।
- गुरु ग्रंथ साहिब को गुरमुखी लिपि में विभिन्न भाषाओं में लिखा गया है, जिसमें लाहंडा (Lahnda), ब्रजभाषा, कौरवी, संस्कृत, सिंधी एवं फारसी शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- वर्ष 1604 में आदि ग्रंथ का पहला संस्करण पूरा हुआ जिसे आधिकारिक रूप से गुरु अर्जुन देव द्वारा अनुमोदित किया गया और इसे स्वर्ण मंदिर में स्थापित किया गया था।

17. (a)

**व्याख्या:**

- प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्म-निर्भर निधि (Prime Minister Street Vendors AtmaNirbhar Nidhi- PM SVANidhi) योजना अर्थात् पीएम स्वनिधि योजना (PM Svanidhi Scheme) की शुरुआत 1 जून, 2020 को केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय द्वारा की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह योजना COVID-19 के मद्देनज़र लॉकडाउन से प्रभावित छोटे दुकानदारों एवं फेरीवालों को आर्थिक रूप से सहयोग प्रदान करने के लिये शुरू की गई थी। इस योजना का लक्ष्य 50 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडरों को, जो 24 मार्च, 2020 को या उससे पहले अर्द्ध शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों के निकट या शहरी क्षेत्रों में फेरी लगा रहे थे, लाभ पहुँचाना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस योजना के तहत छोटे दुकानदार 10,000 रुपए तक के ऋण के लिये आवेदन कर सकते हैं जो एक वर्ष की अवधि में मासिक किस्तों में पुनर्भुगतानयोग्य है। ऋण प्राप्त करने के लिये आवेदकों को किसी प्रकार की ज़मानत या कोलैट्रल (Collateral) की आवश्यकता नहीं होगी। **अतः कथन 3 सही है।**

18. (b)

**व्याख्या:**

- भाखड़ा-नांगल बहुउद्देशीय परियोजना पंजाब, हरियाणा और राजस्थान का संयुक्त उपक्रम है। इसके अंतर्गत भाखड़ा और नांगल के पास सतलज नदी पर दो बांधों का निर्माण किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना का कमांड क्षेत्र हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा एवं राजस्थान में विस्तारित है। भाखड़ा-नांगल बांध का जल संग्रहण गोविंद सागर झील में किया जाता है। **अतः विकल्प (b) सही है।**
- भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (Bhakra Beas Management Board- BBMB) भाखड़ा नांगल एवं ब्यास परियोजनाओं से पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली एवं चंडीगढ़ को पानी व बिजली की आपूर्ति के नियमन का कार्य करता है।

19. (b)

**व्याख्या:**

- माइक्रोप्लास्टिक्स 5 मिलीमीटर से भी छोटे (तिल के बीज की तरह) आकार के प्लास्टिक के टुकड़े होते हैं। ये विभिन्न स्रोतों से प्राप्त होते हैं। अतः इनके मूल स्रोत का निर्धारण करना बहुत कठिन होता है। हाल ही में किये गए एक अध्ययन में बताया गया है कि प्रशांत, अटलांटिक और हिंद महासागर में उच्च स्तर के माइक्रोप्लास्टिक्स मौजूद हैं। **अतः युग्म 1 सुमेलित नहीं है।**
- 100 नैनो मीटर से छोटे कणों को नैनोप्लास्टिक कहा जाता है। **अतः युग्म 2 सुमेलित है।**
- माइक्रोबीड्स, भी एक प्रकार के माइक्रोप्लास्टिक्स होते हैं किंतु इनका आकार 1 मिलीमीटर से कम होता हैं, जो सौंदर्य प्रसाधन, व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों, औद्योगिक प्रक्रियाओं से उत्पन्न हो सकते हैं। **अतः युग्म 3 सुमेलित है।**

नोट :

20. (b)

**व्याख्या:**

- नई व्यवस्था के अनुसार, सरकारी नौकरी के इच्छुक सभी उम्मीदवार राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (NRA) द्वारा आयोजित एक सामान्य योग्यता परीक्षा (Common Eligibility Test-CET) में केवल एक बार हिस्सा लेंगे, जिसके बाद वे सामान्य योग्यता परीक्षा (CET) के अंकों के आधार पर उच्च स्तर की परीक्षा के लिये किसी भी भर्ती एजेंसियों में आवेदन कर पाएंगे। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (NRA) एक बहु-एजेंसी निकाय होगी, जिसके शासी निकाय में रेलवे मंत्रालय, वित्त मंत्रालय/वित्तीय सेवा विभाग, कर्मचारी चयन आयोग (SSC), रेलवे भर्ती बोर्ड (SSC) और इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनेल सेलेक्शन (IBPS) के प्रतिनिधि शामिल होंगे। **अतः कथन 2 सही है।**
- एक विशेषज्ञ निकाय के रूप में राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (NRA), केंद्र सरकार की भर्ती प्रक्रिया में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी एवं सर्वोत्तम प्रक्रियाओं का पालन करेगी।
- उम्मीदवारों द्वारा CET में प्राप्त स्कोर परिणाम घोषित होने की तिथि से 3 वर्षों की अवधि के लिये वैध होंगे। **अतः कथन 3 सही है।**
- शुरुआत में, राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (NRA) द्वारा ग्रुप B और C (गैर-तकनीकी) पदों के लिये उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने हेतु सामान्य योग्यता परीक्षा (CET) का आयोजन किया जाएगा।

21. (c)

**व्याख्या:**

- मिलेनियम एलायंस (Millennium Alliance) एक नवाचार-संचालित और प्रभाव-केंद्रित पहल है, जो वैश्विक विकास समाधानों को संबोधित करने वाले परीक्षण एवं पैमाने पर भारतीय नवाचारों की पहचान करने के लिये सहयोगपूर्ण संसाधनों का लाभ उठाती है।
- यह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (USAID), भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग परिसंघ (FICCI), यूनाइटेड किंगडम सरकार के अंतर्राष्ट्रीय विकास विभाग (UK Government''s Department for International Development- DFID), फेसबुक और मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन (Marico Innovation Foundation) जैसे सार्वजनिक-निजी भागीदारों का एक संघ है। **अतः विकल्प ( c ) सही है।**
- इस कार्यक्रम ने पिछले 6 वर्षों में भारतीय उद्यमों के लिये वित्त पोषण, क्षमता निर्माण एवं व्यवसाय विकास सहायता प्रदान करने में एक उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है।

22. (d)

**व्याख्या:**

- 'नमथ बसई' एक जनजातीय इरुला भाषी नाम है जिसका अर्थ होता है- 'हमारी भाषा'।
- ऑनलाइन शिक्षा से संबंधित नमथ बसई कार्यक्रम को केरल सरकार द्वारा चलाया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस कार्यक्रम के अंतर्गत जनजातीय बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाया जाता है। इस कार्यक्रम ने आदिवासी बच्चों के लिये घर पर ही शिक्षा की ज़रूरत को महसूस करके सैकड़ों आदिवासी बच्चों को उनकी ऑनलाइन कक्षाओं से जोड़े रखने में सफलता पाई है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस कार्यक्रम को समग्र शिक्षा केरल (Samagra Shiksha Kerala- SSK) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। **अतः कथन 3 सही है।**

23. (a)

**व्याख्या:**

- 11वीं शताब्दी का लिंगराज मंदिर, भगवान शिव को समर्पित एक मंदिर है जो ओडिशा के भुवनेश्वर ज़िले में स्थित सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस मंदिर में विष्णु की मूर्तियाँ स्थापित हैं जो संभवत: गंग शासकों के समय जगन्नाथ संप्रदाय के विकास क्रम को इंगित करती हैं, जिन्होंने 12वीं शताब्दी में पुरी में जगन्नाथ मंदिर का निर्माण कराया था।

नोट :

- इस मंदिर का निर्माण देउल शैली (Deula Style) में किया गया है, जिसमें चार घटक शामिल हैं: 1. विमान- गर्भगृह युक्त संरचना 2. जगमोहन- असेंबली हॉल 3. नटामंडीरा-फेस्टिवल हॉल 4. भोग-मंडप-प्रसाद का हॉल। **अतः कथन 2 सही है।**
- माना जाता है कि इस मंदिर का निर्माण सोमवंशी राजवंश (Somavamsi Dynasty) के राजाओं द्वारा किया गया था, जिसमें आगे चलकर गंग शासकों (Ganga rulers) द्वारा और निर्माण कार्य कराया गया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

24. (b)

**व्याख्या:**

- भारत और नेपाल द्वारा वर्ष 2014 में 'बाउंड्री वर्किंग ग्रुप' (Boundary Work Group- BWG) का गठन किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- 'बाउंड्री वर्किंग ग्रुप' की बैठक में भारतीय पक्ष का नेतृत्व 'भारत के महासर्वेक्षक' (The Surveyor General of India) द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- 'बाउंड्री वर्किंग ग्रुप' के गठन का उद्देश्य भारत नेपाल सीमा पर निर्माण से संबंधित कार्य करना है जिसमें- सीमा स्तंभों की मरम्मत, दोनों देशों की सीमा के बीच निर्धारित 'नो-मैन्स लैंड' (No-Man's Land) की सफाई/निगरानी एवं अन्य तकनीकी कार्य शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

25. (b)

**व्याख्या:**

- वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (Financial Stability and Development Council - FSDC) का गठन दिसंबर 2010 में किया गया था। परिषद की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा की जाती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसके सदस्यों में भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर, वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव, वित्तीय सेवा विभाग के सचिव, मुख्य आर्थिक सलाहकार, वित्त मंत्रालय, सेबी के अध्यक्ष, इरडा के अध्यक्ष, पी.एफ.आर.डी.ए. के अध्यक्ष को शामिल किया जाता है।
- इस परिषद का कार्य वित्तीय स्थिरता, वित्तीय क्षेत्र के विकास, अंतर-नियामक समन्वय, वित्तीय साक्षरता, वित्तीय समावेशन तथा बड़ी वित्तीय कंपनियों के कामकाज सहित अर्थव्यवस्था से जुड़े छोटे-छोटे मुद्दों का विवेकपूर्ण पर्यवेक्षण करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसके अतिरिक्त इस परिषद को अपनी गतिविधियों के लिये अलग से कोई कोष आवंटित नहीं किया जाता है।

26. (c)

**व्याख्या:**

- 'प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम' (Prime Minister Employment Generation Program-PMEGP) विनिर्माण क्षेत्र में 10 लाख से अधिक की परियोजनाओं एवं सेवा क्षेत्र में 5 लाख से अधिक की परियोजनाओं के लिये शैक्षणिक योग्यता के तौर पर लाभार्थी को आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम के तहत केवल नई इकाइयों की स्थापना के लिये सहायता प्रदान की जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सामान्य श्रेणी (General Category) के लाभार्थी परियोजना की लागत का 25% सब्सिडी प्राप्त कर सकते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

27. (b)

**व्याख्या:**

- गोरूमारा नेशनल पार्क (Gorumara National Park) भारत के पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी ज़िले में अवस्थित एक राष्ट्रीय उद्यान है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- गोरूमारा को वर्ष 1949 में भारतीय गैंडों की आबादी के आधार पर एक वन्यजीव अभयारण्य घोषित किया गया था। इसे जनवरी 1994 को एक भारतीय राष्ट्रीय उद्यान के रूप में आधिकारिक दर्जा दिया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह राष्ट्रीय उद्यान मुख्य रूप से भारतीय गैंडों की आबादी के लिये जाना जाता है। वर्ष 2009 में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा इस राष्ट्रीय उद्यान को भारत में सर्वश्रेष्ठ संरक्षित क्षेत्रों में से एक के रूप में घोषित किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

28. (a)

**व्याख्या:**

- ड्रैगनफ्लाई, एक कीट है जो ओडोनेट (Odonata) वर्ग से संबंधित है। ड्रैगनफ्लाई फेस्टिवल की शुरुआत वर्ष 2018 में हुई थी। ड्रैगनफ्लाई फेस्टिवल-2020 को थुंबीमहोत्सवम 2020 (Thumbimahotsavam 2020) के नाम से भी जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ड्रैगनफ्लाई को समर्पित इस उत्सव का उद्देश्य इन जीवों के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना है। इस उत्सव का आधिकारिक शुभंकर 'पंटालु' (Pantalu) है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह राष्ट्रीय जैव विविधता बोर्ड (National Biodiversity Board), संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (United Nations Environment Programme), संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (United Nations Development Programme) और IUCN के सहयोग से WWF इंडिया, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी और इंडियन ड्रैगनफ्लाई सोसाइटी (Indian Dragonfly Society) द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय ड्रैगनफ्लाई उत्सव का हिस्सा है। **अतः कथन 3 सही है।**

29. (b)

**व्याख्या:**

- अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना' (ABVKY) को प्रारंभ में 1 जुलाई, 2018 को दो वर्ष की अवधि के लिये पायलट आधार पर शुरू किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- हाल ही में भारत सरकार द्वारा इस योजना को एक वर्ष की अवधि अर्थात् 30 जून, 2021 तक के लिये विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है।
- इस योजना का कार्यान्वयन 'कर्मचारी राज्य बीमा निगम' (ESIC) द्वारा किया जा रहा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस योजना के तहत बीमित व्यक्तियों को बेरोज़गारी की दशा में नकद मुआवजा प्रदान किया जाता है। यह एक दुर्घटना बीमा या जीवन बीमा योजना नहीं है बल्कि रोज़गार सुरक्षा योजना है। अतः कथन 3 सही नहीं है।

30. (a)

**व्याख्या:**

- 'ज़ोहर गैस फील्ड' (Zohr Gas Field), मिस्र (Egypt) का एक प्राकृतिक गैस भंडार है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- उल्लेखनीय है कि हाल ही में तुर्की के राष्ट्रपति ने काला सागर (Black Sea) क्षेत्र में अब तक के सबसे प्राकृतिक बड़े गैस भंडार की खोज की घोषणा की है। तुर्की द्वारा खोजा गया गैस का यह भंडार तुर्की के तट से लगभग 100 नॉटिकल मील उत्तर में काला सागर में स्थित है।
- यह गैस भंडार भूमध्यसागर (Mediterranean Sea) में अवस्थित है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसकी खोज वर्ष 2015 में की गई थी। **अतः कथन 3 सही है।**

31. (a)

**व्याख्या:**

- 'नुआखाई जुहार' (Nuakhai Juhar) एक कृषि उत्सव है जिसे 'नुआखाई पर्व' (Nuakhai Parab) या 'नुआखाई भेटघाट' (Nuakhai Bhetghat) भी कहा जाता है। नुआखाई दो शब्दों (नुआ+खाई) से मिलकर बना है जो नए चावल खाने के महत्त्व को दर्शाता है। यहाँ 'नुआ' का अर्थ है नया और 'खाई' का अर्थ है खाना।
- यह बदलते मौसम के साथ नई फसल का स्वागत करने के लिये पश्चिमी ओडिशा, दक्षिणी छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के कुछ क्षेत्रों में मनाया जाने वाला एक प्राचीन त्योहार है। यह उत्सव गणेश चतुर्थी के एक दिन बाद मनाया जाता है।
- इस दिन किसान अन्न की पूजा करते हैं और विशेष भोजन तैयार करते हैं। ओडिशा के संबलपुर ज़िले की प्रसिद्ध 'मातृ देवी' देवी समलेश्वरी (Goddess Samaleswari) को किसान अपनी भूमि से पहली उपज के रूप में कुछ अन्न अर्पित करते हैं। **अतः विकल्प (a) सही है।**

नोट :

32. (c)

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान का भाग 15 चुनावों से संबंधित है जिसमें चुनावों के संचालन के लिये एक आयोग की स्थापना करने की बात कही गई है। भारतीय चुनाव आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को संविधान के अनुसार की गई थी। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 से 329 तक चुनाव आयोग और सदस्यों की शक्तियों, कार्य, कार्यकाल, पात्रता आदि से संबंधित हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- चुनाव आयोग भारत में लोकसभा, राज्यसभा, राज्य विधानसभाओं, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण करता है। यह राजनीतिक दलों को मान्यता प्रदान करता है उनसे संबंधित विवादों को निपटाने के साथ ही उन्हें चुनाव चिह्न आवंटित करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारतीय निर्वाचन आयोग तीन सदस्यीय निकाय है, जिसमें एक मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्त होते हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त IAS रैंक का अधिकारी होता है, जिसकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है तथा चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति भी राष्ट्रपति ही करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- उल्लेखनीय है कि हाल ही में पूर्व वित्त सचिव राजीव कुमार को निर्वाचन आयुक्त के रूप मंथ नियुक्त किया गया है। निवर्तमान निर्वाचन आयुक्त अशोक लवासा एशियाई विकास बैंक में उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे।

33. (a)

**व्याख्या:**

- लेफ्टिनेंट जनरल डी. बी. शेकतकर (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में रक्षा मंत्रालय ने रक्षा व्यय के पुनर्संतुलन और सशस्त्र बलों की लड़ाकू क्षमता बढ़ाने के उपायों हेतु सिफारिश करने के लिये एक समिति का गठन किया था जिसने दिसंबर 2016 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस समिति की प्रमुख सिफारिशों में NCC का पुनर्गठन करना, सैन्य आधुनिकीकरण के लिये पर्याप्त पूंजीगत व्यय उपलब्ध कराने हेतु एक रक्षा बजट नियमावली की सिफारिश करना था। **अत: विकल्प ( a ) सही है।**

34. (a)

**व्याख्या:**

- 'समग्र जल प्रबंधन सूचकांक' (Composite Water Management Index- CWMI) 'नीति आयोग' (NITI Aayog) द्वारा जारी किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत सरकार द्वारा 'जल जीवन मिशन' के तहत वर्ष 2024 तक नल कनेक्शन के माध्यम से सभी ग्रामीण घरों में सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- देश में निम्न भू-जल स्तर वाले क्षेत्रों में भूजल संरक्षण के लिये वर्ष 2019 में 'अटल भूजल योजना' की शुरुआत की गई थी। **अत: कथन 3 सही है।**

35. (a)

**व्याख्या:**

- 'ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम', 2019 एक ट्रांसजेंडर को ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित करता है जिसका लिंग जन्म के समय निर्धारित लिंग से मेल नहीं खाता है।
- इस अधिनियम में 'सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री' की अध्यक्षता में 'ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिये एक राष्ट्रीय परिषद' की स्थापना का प्रावधान किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस अधिनियम के अनुसार, एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति 'ट्रांसजेंडर' पहचान के प्रमाण पत्र के लिये ज़िला मजिस्ट्रेट को एक आवेदन कर सकता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**नोट :**

36. (b)

**व्याख्या:**

- बोंडा, मुंडा नृजातीय समूह (Munda Ethnic Group) से संबंधित एक जनजाति है जो ओडिशा, छत्तीसगढ़ एवं आंध्र प्रदेश के जंक्शन (तीन राज्यों की आपस में मिलने वाली सीमा) के पास दक्षिण-पश्चिम ओडिशा के मलकानगिरी ज़िले के पहाड़ी क्षेत्रों में निवास करते हैं। यह जनजाति ओडिशा के मलकानगिरी ज़िले में खैरापुट ब्लॉक (Khairaput Block) की पहाड़ियों में छोटी-छोटी झोंपड़ियों वाली बस्तियों में निवास करती है।
- ये भारतीय संविधान के तहत अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत आते हैं और रेमो (Remo) के नाम से भी जाने जाते हैं। बोंडा भाषा में 'रेमो' का मतलब 'लोग' होता है। इन्हें भारत के विशेष रूप से कमज़ोर आदिवासी समूह (Particularly Vulnerable Tribal Group- PVTG) के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है।
- भारत में इनकी जनसंख्या लगभग 7000 है। भारत में बंधुआ मज़दूर (Unfree Labour) या गोटी प्रणाली (Goti System) को बोंडा लोगों द्वारा गुफाम (Gufam) के रूप में जाना जाता है। **अतः विकल्प (b) सही है।**

37. (a)

**व्याख्या:**

- हाल ही में असम सरकार ने ब्रह्मपुत्र नदी पर निर्मित भारत के सबसे लंबे यात्री रोपवे (Ropeway) का गुवाहाटी (असम) में अनावरण किया। 1.82 किलोमीटर लंबा बाई-केबल जिग-बैक रोपवे (Bi-cable Jig-back Ropeway) ब्रह्मपुत्र नदी के दक्षिणी तट पर गुवाहाटी शहर में कामरूप (मेट्रो) के उपायुक्त कार्यालय के पास एक वन परिसर को उत्तरी गुवाहाटी में डौल गोविंदा मंदिर (Doul Govinda temple) के पीछे एक पहाड़ी से जोड़ता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह रोपवे ब्रह्मपुत्र नदी के मध्य में अवस्थित पीकॉक द्वीप (Peacock Island) के ऊपर से गुजरता है जिसमें एक मध्यकालीन शिव मंदिर उमानंद (Umananda) स्थित है। ईंटों से निर्मित इस उमानंद मंदिर का निर्माण वर्ष 1694 में 'बार फुकन गढ़गान्या हांडिक' (Bar Phukan Garhganya Handique) द्वारा राजा गदाधर सिंह (King Gadadhar Singha) के आदेश से कराया गया था जो अहोम साम्राज्य के सबसे मज़बूत शासकों में से एक थे। **अतः कथन 2 सही है।**

38. (d)

**व्याख्या:**

- सांता आना पवनों (Santa Ana Winds) का यह नाम कैलिफोर्निया के ऑरेंज काउंटी में सांता आना घाटी के नाम पर रखा गया है।
- दक्षिणी कैलिफोर्निया में सांता आना कैनियन/घाटी से होकर तटवर्ती मैदानों की ओर चलने वाली धूलभरी आंधी को सांता आना कहते हैं। ये पवनें अत्यंत शुष्क एवं गर्म होती हैं। ये पवनें पूर्व या उत्तर-पूर्व की ओर चलती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- ये आमतौर पर मौसमी पवनें होती हैं और अक्तूबर एवं मार्च के मध्य प्रवाहित होती हैं तथा दिसंबर में ये पवनें चरम अवस्था में पहुँच जाती हैं। ये पवनें तब उत्पन्न होती हैं जब सिएरा नेवादा और रॉकी पर्वतमाला के बीच ग्रेट बेसिन के उच्च-ऊँचाई वाले रेगिस्तान में उच्च दबाव प्रणाली का निर्माण होता है। जब ये पवनें नीचे की ओर प्रवाहित होती हैं और रेगिस्तान को पार करती हैं तो ये अत्यंत शुष्क, गर्म एवं तीव्र गति प्राप्त करती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- सांता आना पवनों में आर्द्रता की कमी से वनस्पति सूख जाती है जिससे वनस्पति आग के लिये बेहतर ईंधन बन जाती है। **अतः कथन 3 सही है।**

39. (b)

**व्याख्या:**

- 'डीएनए प्रौद्योगिकी (उपयोग और अनुप्रयोग) विनियमन विधेयक', 2019 के अनुसार, केवल विधेयक की अनुसूची में सूचीबद्ध मामलों के संबंध में ही डीएनए परीक्षण की अनुमति है। इस अनुसूची में भारतीय दंड संहिता- 1860 के तहत आपराधिक मामलों और पितृत्त्व निर्धारण मुकदमा जैसे नागरिक मामलों तथा व्यक्तिगत पहचान की स्थापना से संबंधित मामलों को शामिल किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- यह विधेयक डीएनए प्रयोगशालाओं जो व्यक्ति की पहचान स्थापित करने के लिये डीएनए नमूनों का विश्लेषण करेगी, को मान्यता देने के लिये डीएनए नियामक बोर्ड की स्थापना का प्रावधान शामिल करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

40. (d)

**व्याख्या:**

- अगस्त 2017 में एक मामले की सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने 'निजता' (Privacy) को मौलिक अधिकार का हिस्सा बताया था। उच्चतम न्यायालय ने यह भी माना कि व्यक्तिगत डेटा की गोपनीयता, 'निजता के अधिकार' का एक अनिवार्य पहलू है। जुलाई 2017 में, भारत में डेटा संरक्षण से संबंधित विभिन्न मुद्दों की जाँच करने के लिये न्यायमूर्ति बी.एन. श्री कृष्ण की अध्यक्षता में विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया। इस समिति ने जुलाई 2018 में 'इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय' (Ministry of Electronics and Information Technology) को 'व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक, 2018' के मसौदे के साथ अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। **अतः विकल्प (d) सही है।**

41. (b)

**व्याख्या:**

- वारली चित्रकला (Warli Painting): इसकी उत्पत्ति महाराष्ट्र में हुई है, यह उत्तरी सह्याद्री में व्यापक रूप से वारली जनजाति द्वारा बनाई जाती है।
- प्राकृतिक तत्त्व वारली पेंटिंग में मुख्य आकर्षक होते हैं। वारली चित्रकारी मनुष्य और प्रकृति के बीच घनिष्ठ संबंध को दर्शाती है। इस पेंटिंग में चावल का पेस्ट, गोंद एवं जल का मिश्रण चित्रों को सजाने के लिये उपयोग किया जाता है। बाँस की छड़ी का उपयोग ब्रश के रूप में किया जाता है।
- इस पेंटिंग में ज्यामितीय आकृतियों जैसे- वृत्त, त्रिकोण और वर्ग आदि का उपयोग किया जाता है साथ ही इस पेंटिंग में जीवन के विभिन्न पहलुओं एवं मान्यताओं को दर्शाते हुए कई आकृतियाँ बनाई जाती हैं। **अतः युग्म 1 सही है।**
- सित्तनवासल चित्रकला: तमिलनाडु के पुदुकोट्टई ज़िले में सित्तनवासल की गुफाओं में स्थित मंदिरों की दीवारों पर नौवीं सदी के दौरान चित्र बनाए गए हैं। ये गुफाएँ सिद्धों, शैव और जैन धर्म से जुड़े लोगों की रही हैं। सित्तनवासल की चित्रकलाएँ जैन विषयों और प्रतीक प्रयोगों से गहरे रूप से जुड़ी हुई हैं, लेकिन अजंता के समान ही मानदंड एवं तकनीकों का प्रयोग करती हैं। अत: युग्म 2 सही नहीं है।
- बादामी चित्रकला: उत्तरी कर्नाटक के बागलाकोट ज़िले के मालप्रभा नदी बेसिन में बादामी नामक अवसंरचना स्थित है जिसकी स्थापना का काल छठी शताब्दी माना जाता है। बादामी या वातापी में ब्राह्मण-हिन्दू धर्म, जैन धर्म से संबंधित चित्रकला का प्राचीनतम साक्ष्य है। यहाँ शिव-पार्वती, नटराज तथा इंद्र सभा का चित्रण दर्शनीय है। **अतः युग्म 3 सही है।**

42. (c)

**व्याख्या:**

- 300 करोड़ रुपए की लागत से राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (National Clean Air Programme-NCAP) की शुरुआत 10 जनवरी, 2019 को की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिये व्यापक और समयबद्ध रूप से बनाया गया पाँच वर्षीय कार्यक्रम है। इसमें संबंद्ध केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों, स्थानीय निकायों और अन्य हितधारकों के बीच प्रदूषण एवं समन्वय के सभी स्रोतों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। देश के ज़्यादातरर शहरों में गंभीर वायु प्रदूषण से निपटने के लिये इस देशव्यापी योजना के तहत अगले पाँच वर्षों में 102 प्रदूषित शहरों की वायु को स्वच्छ करने का लक्ष्य रखा गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- NCAP केवल एक योजना है और कानूनन बाध्यकारी नहीं है तथा इसमें ई-दंडात्मक कार्रवाई करने या जुर्माना लगाने का कोई प्रावधान नहीं है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

43. (b)

**व्याख्या:**

- चुनावी बॉण्ड राजनीतिक दलों को दान देने हेतु एक वित्तीय साधन है। चुनावी बॉण्ड योजना, 2018 को 2 जनवरी 2018 को आधिकारिक गजट में अधिसूचित किया गया था जिसमें समय-समय पर चुनावी बॉण्ड जारी करने संबंधी प्रावधान किये गए हैं। **अतः कथन 1 सही है।**

- चुनावी बॉण्ड बिना किसी अधिकतम सीमा के 1,000 रुपए, 10,000 रुपए, 1 लाख रुपए, 10 लाख रुपए और 1 करोड़ रुपए के गुणकों में जारी किये जाते हैं। भारतीय स्टेट बैंक (SBI) इन बॉण्डों को जारी करने और भुनाने (Encash) के लिये अधिकृत बैंक है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- ये बॉण्ड जारी करने की तारीख से पंद्रह दिनों तक वैध रहते हैं। यह बॉण्ड एक पंजीकृत राजनीतिक पार्टी के निर्दिष्ट खाते में प्रतिदेय होता है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29 (A) के अंतर्गत पंजीकृत प्रत्येक पार्टी और हालिया लोकसभा या राज्य चुनाव में कम-से-कम 1% मत हासिल करने के बाद भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक सत्यापित खाता आवंटित किया जाता है। चुनावी बॉण्ड का लेन-देन केवल इसी खाते के माध्यम से किया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

44. (c)

**व्याख्या:**

- 'भारत-प्रशांत महासागरीय पहल' (Indo-Pacific Oceans Initiative- IPOI) को नवंबर 2019 में 'पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन' में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह पहल समुद्री सुरक्षा, समुद्री पारिस्थितिकी, समुद्री संसाधन, क्षमता निर्माण और संसाधन साझाकरण, आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और शैक्षणिक सहयोग, व्यापार कनेक्टिविटी और समुद्री परिवहन जैसे सात केंद्रीय स्तंभों पर आधारित सहयोग पर केंद्रित है।
- यह पहल भारत-प्रशांत क्षेत्र में नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था बनाने और सामान्य समाधान खोजने के लिये एक साथ कार्य करने की आवश्यकता पर बल देती है। **अतः कथन 2 सही है।**

45. (d)

**व्याख्या:**

- लीबिया उत्तरी अफ्रीकी महाद्वीप का एक तेल-समृद्ध देश है, इस देश का अधिकांश भाग सहारा रेगिस्तान के अंतर्गत आता है। वर्ष 1922 में यहाँ के अज़ीज़िया (Aziziya) शहर में विश्व में सबसे अधिक तापमान (58°C) दर्ज किया गया था।
- लीबिया को मुख्य तौर पर उसके प्राचीन इतिहास, मुअम्मर गद्दाफी के 42 वर्षीय तानाशाही शासन और वर्तमान अराजकता के लिये जाना जाता है।
- वर्ष 1951 में स्वतंत्रता प्राप्त होने से पूर्व लीबिया सदियों तक विदेशी शासन के अधीन था और स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश ने तेल भंडार के माध्यम से अपार समृद्धि अर्जित की।
- मुअम्मर गद्दाफी ने वर्ष 1969 में तख्तापलट कर सत्ता प्राप्त की और तकरीबन चार दशकों तक शासन किया।
- लीबिया की राजधानी त्रिपोली है। लगभग 1.77 मिलियन वर्ग किमी. क्षेत्रफल में फैले इस देश में मुख्य रूप से अरबी भाषा बोली जाती है। वहीं इस्लाम इस देश का एक प्रमुख धर्म है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

46. (c)

**व्याख्या:**

- 'ठुमरी' शब्द का प्रयोग उत्तर भारतीय संगीत की एक विशेष प्रकार की गेयविधा हेतु किया जाता है। 17वीं शताब्दी में फकीरुल्लाह कृत 'रागदर्पण' ग्रंथ में भी बरवा धुन या राग को ठुमरी कहा गया है।
- ठुमरी एक रागों का एक मिश्रित रूप है जो आमतौर पर अर्द्ध-शास्त्रीय भारतीय संगीत माना जाता है। इस शैली की उत्पत्ति उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग में हुई थी। इसमें भगवान श्रीकृष्ण और राधा के जीवन के प्रसंगों का वर्णन किया जाता है। यह एक मुक्त गायन शैली है, जिसमें कम-से-कम शब्दों के द्वारा अधिकाधिक अर्थों को संगीत के माध्यम से व्यक्त किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ख्याल हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत का एक रूप है। 'ख्याल' शब्द फारसी से लिया गया है जिसका अर्थ 'विचार या कल्पना' है। कहा जाता है कि 13वीं-14वीं शताब्दी में अमीर खुसरो ने इसे प्रोत्साहन दिया था। 15वीं शताब्दी के सुल्तान मोहम्मद शर्की को इस प्रारूप को प्रोत्साहित करने का श्रेय दिया जाता है। हालाँकि 18वीं शताब्दी के नियामत खान सदारंग और अदारंग ने इसे परिपक्व बनाया। **अतः कथन 2 सही है।**
- ख्याल संगीत के अंतर्गत प्रमुख घराने (स्कूल) 'ग्वालियर घराना', 'आगरा घराना', 'जयपुर अतरोली घराना', 'रामपुर सहसवान घराना' हैं।

नोट :

47. (d)

**व्याख्या:**

- दक्षिण भारत, विशेषकर केरल का सबसे लोकप्रिय पर्व ओणम प्राय: सितंबर माह के पहले पखवाड़े में मनाया जाता है। यह राज्य का कृषि पर्व कहलाता है तथा इसे मुख्य तौर पर मलयाली हिंदू मनाते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- ओणम मलयालम कैलेंडर के पहले महीने 'चिंगम' से शुरू होता है, इसलिये इसे मलयाली हिंदुओं का नववर्ष भी कहा जाता है। यह त्योहारअसुर राजा महाबलि के पुन: घर आगमन का भी प्रतीक है। ओणम पर 26 पकवानों वाले सद्या को केले के पत्ते पर खास तरीके व क्रम में परोसा जाता है, जिसे सद्या थाली कहते हैं और यह ओणम का सबसे महत्त्वपूर्ण आयोजन होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- पुलिक्कली (Pulikkali) या टाइगर डांस (Tiger Dance) केरल के त्रिशूर (Thrissur) में मनाये जाने वाले ओणम (Onam) उत्सव का एक अनिवार्य हिस्सा है। पुलिक्कली (Pulikkali) में कुछ विशेष लोग अपने शरीर पर चमकीले पीले एवं काले रंग से शेर की आकृति को चित्रित करके ड्रम एवं तीव्र म्यूज़िक के साथ शहर के चारों ओर घूमते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

48. (a)

**व्याख्या:**

- RBI की मौद्रिक नीति समिति का गठन वर्ष 2016 में भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 में संशोधन के माध्यम से किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- मौद्रिक नीति समिति के कुल 6 सदस्यों में से 3 RBI से होते हैं तथा अन्य 3 की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- मौद्रिक नीति समिति अन्य कार्यों के साथ मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने हेतु रेपो दर तय करने का कार्य करती है। **अत: कथन 3 सही है।**

49. (b)

**व्याख्या:**

- 'अंत्योदय अन्न योजना' की शुरुआत वर्ष दिसंबर 2000 में की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 की धारा-10 के तहत किसी व्यक्ति को 'अंत्योदय अन्न योजना' में शामिल करने का प्रावधान किया गया है। जबकि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 की धारा-38 के तहत केंद्र सरकार को इस अधिनियम के उपबंधों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु समय-समय पर राज्य सरकारों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का अधिकार दिया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इस योजना के तहत लाभार्थी परिवार को प्रति माह 35 किग्रा. खाद्यान्न दिये जाने का प्रावधान किया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

50. (a)

व्याख्या

- भारतीय राज्यों की निर्यात तत्परता का मूल्यांकन करने के लिये निर्यात तत्परता सूचकांक के निर्माण का विचार सर्वप्रथम वर्ष 2019 में नीति आयोग के समक्ष आया था।
- वर्ष 2020 में इस सूचकांक को नीति आयोग ने इंस्टीट्यूट ऑफ कॉम्पिटेटिवनेस (Institute of Competitiveness) के साथ संयुक्त रूप से मिलकर जारी किया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- प्रतिस्पर्द्धी संघवाद की भावना को मद्देनज़र रखते हुए नीति आयोग का निर्यात तत्परता सूचकांक (EPI) उन सभी कारकों का आकलन करता है जो किसी राज्य अथवा केंद्र शासित प्रदेश के निर्यात प्रदर्शन को निर्धारित करने में अनिवार्य भूमिका अदा करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- निर्यात तत्परता सूचकांक का मुख्य उद्देश्य भारतीय निर्यात क्षेत्र के लिये चुनौतियों और अवसरों की पहचान करना, सरकारी नीतियों की प्रभावोत्पादकता को बढ़ाना और एक सुविधाजनक नियामकीय संरचना को प्रोत्साहित करना है।
- निर्यात तत्परता सूचकांक (EPI) की संरचना में कुल 4 स्तंभ- (1) नीति (2) व्यवसाय परितंत्र (3) निर्यात परितंत्र (4) निर्यात निष्पादन शामिल हैं, इसके अलावा इन सभी स्तंभों में कुछ उप-स्तंभ भी शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

51. (c)

**व्याख्या:**

- 100वाँ संशोधन अधिनियम भारत और बांग्लादेश के बीच भूमि सीमा समझौते से संबंधित था।
- 101वाँ संशोधन अधिनियम वस्तु एवं सेवा कर (GST) से संबंधित था। अत: युग्म 1 सुमेलित है।
- 102वें संशोधन अधिनियम द्वारा 'सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय' के अधीन गठित 'राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग' को संवैधानिक दर्जा दिया गया। अत: युग्म 2 सुमेलित नहीं है।
- 103वें संशोधन अधिनियम द्वारा आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों के लिये आरक्षण की व्यवस्था की गई। अत: युग्म 3 सुमेलित नहीं है।

52. (c)

**व्याख्या:**

- डिजीलॉकर, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय' (MeitY) द्वारा डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत शुरू की गई एक प्रमुख पहल है। **अत: युग्म 1 सुमेलित नहीं हैं।**
- 'भविष्य' (Bhavishya), केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय' द्वारा लागू एक ऑनलाइन पेंशन स्वीकृति और भुगतान ट्रैकिंग प्रणाली है। **अत: युग्म 2 सुमेलित हैं।**
- 'सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली, एक वेब-आधारित ऑनलाइन सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन है, जिसे वित्त मंत्रालय के लेखा महानियंत्रक (CGA) के कार्यालय द्वारा विकसित और कार्यान्वित किया जाता है। **अत: युग्म 3 सुमेलित नहीं हैं।**

53. (c)

**व्याख्या:**

- 'इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग जागरूकता और प्रशिक्षण' (Electronic Banking Awareness And Training) या 'ई-बात' (e-BAAT) भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा शुरू की गई एक पहल है। इसका उद्देश्य लोगों को गैर-नगदी भुगतान के लिये प्रेरित करते हुए उन्हें इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के संदर्भ में शिक्षित करना एवं ग्राहक जागरूकता को बढ़ावा देना है। **अत: विकल्प ( c ) सही है।**

54. (d)

**व्याख्या:**

- अंडमान एवं निकोबार छह जनजातियों [सेंटिनली (Sentinelese), जारवा (Jarawa), ग्रेट अंडमानी (Great Andamanese), ओंगे (Onge), शोम्पेन (Shompen) एवं निकोबारी (Nicobarese) का निवास स्थान है। इसमें ग्रेट अंडमानी (Great Andamanese) जनजाति स्ट्रेट आइलैंड जो उत्तर एवं मध्य अंडमान ज़िले का हिस्सा है, पर निवास करती है। जारवा (Jarawa) जनजाति दक्षिण अंडमान एवं मध्य अंडमान द्वीप समूह पर निवास करती है। ओंगे (Onge) जनजाति लिटिल अंडमान द्वीप (Little Andaman Island)पर निवास करती है। शोम्पेन (Shompen) ग्रेट निकोबार द्वीप के आंतरिक क्षेत्र में निवास करने वाले देशज लोग हैं।
- अंडमान जनजातियाँ नीग्रेटो (Negrito) समूह के अंतर्गत आती हैं जबकि निकोबार जनजातियाँ मंगोलोइड समूह के अंतर्गत आती हैं। ये जनजातियाँ 'द्वीपीय प्रभाव' (Island Effect) के कारण छोटे कद की हैं। **अत: विकल्प ( d ) सही है।**

55. (d)

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त 22 प्रादेशिक भाषाओं का उल्लेख है। इस सूची में मूल रूप से 14 भाषाओं को स्थान दिया गया था परंतु 8 अन्य भाषाओं को बाद में इस सूची में जोड़ा गया। इस सूची में सिंधी भाषा को वर्ष 1967 में संविधान के 21वें संशोधन अधिनियम और कोंकणी, मणिपुरी तथा नेपाली भाषा को वर्ष 1992 में 71वें संशोधन; जबकि बोडो, डोगरी, मैथिली और संथाली भाषा को वर्ष 2003 में संविधान के 92वें संशोधन से इस सूची में जोड़ा गया। **अत: युग्म 1 सही है।**
- संविधान की छठी अनुसूची असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम में जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के लिये इन राज्यों में जनजातीय लोगों के अधिकारों की रक्षा का प्रावधान करती है। संविधान के अनुच्छेद 244 (2) और अनुच्छेद 275 (1) के तहत यह विशेष प्रावधान किया गया है। वर्ष 1949 में संविधान सभा द्वारा पारित छठी अनुसूची को पूर्वोत्तर के जनजातीय क्षेत्रों में सीमित स्वायत्तता प्रदान करने के लिये तैयार किया गया था। यह संविधान सभा द्वारा गठित बारदोलोई समिति की रिपोर्टों पर आधारित थी। **अत: युग्म 2 सही है।**
- भारतीय संविधान की चौथी अनुसूची राज्य सभा में स्थानों के आवंटन से संबंधित है। **अत: युग्म 3 सही है।**

नोट :

56. (c)

**व्याख्या:**

- एसोसिएशन ऑफ रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसीज़ ऑफ स्टेट्स (AREAS) का गठन केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की पहल पर आपस में बातचीत करने और एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने के लिये किया गया है। इसका उद्देश्य प्रौद्योगिकियों एवं योजनाओं/कार्यक्रमों के बारे में अपनी सर्वोत्तम कार्य पद्धतियों एवं ज्ञान साझा करना भी है। **अत: कथन 1 सही है।**
- AREAS का पंजीकरण 27 अगस्त, 2014 को सोसायटी पंजीकरण अधिनियम-1860 (Society Registration Act-1860) के तहत किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- AREAS के संरक्षक केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा इसके पदेन अध्यक्ष केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव होते हैं। सभी राज्य नोडल एजेंसियाँ इस एसोसिएशन की सदस्य हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

57. (c)

**व्याख्या:**

- एडीज़ एजिप्टी (Aedes Aegypti) प्रजाति के मच्छर डेंगू, चिकनगुनिया, ज़ीका (Zika) और पीत ज्वर (Yellow Fever) जैसी गंभीर बीमारियों के प्रसार के लिये उत्तरदायी हैं। **अत: युग्म 1 सुमेलित नहीं है।**
- क्यूलेक्स प्रजाति के मच्छर जापानी इंसेफेलाइटिस, लिम्फेटिक फाइलेरिया तथा वेस्ट नाइल फीवर के लिये उत्तरदायी होते हैं। **अत: युग्म 2 सुमेलित नहीं है।**
- मादा एनाफिलीज़ मच्छर (Anopheles Mosquitoes) मलेरिया बुखार के लिये उत्तरदायी है। **अत: युग्म 3 सुमेलित है।**

58. (a)

**व्याख्या:**

- स्ट्रेट आईलैंड (Strait Island): यह अंडमान द्वीप समूह का एक द्वीप है। यह उत्तर एवं मध्य अंडमान प्रशासनिक ज़िले के अंतर्गत आता है जो अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के भारतीय संघ क्षेत्र का हिस्सा है। यह द्वीप एक प्रकार का 'जनजातीय आरक्षित क्षेत्र' है। यह द्वीप पोर्ट ब्लेयर से 63 किमी. उत्तर में अवस्थित है।
- बाराटांग द्वीप (Baratang Island): बाराटांग द्वीप अंडमान द्वीप समूह का एक द्वीप है। यह उत्तर एवं मध्य अंडमान प्रशासनिक ज़िले के अंतर्गत आता है जो अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के भारतीय संघ क्षेत्र का हिस्सा है। इसे रांचीवालस द्वीप (Ranchiwalas Island) के नाम से भी जाना जाता है। बाराटांग द्वीप, भारत में पंक ज्वालामुखियों (Mud Volcanoes) का एकमात्र ज्ञात उदाहरण है। इन पंक ज्वालामुखियों में छिटपुट तरीके से विस्फोट होता रहता है।
- फीनिक्स द्वीप (Phoenix Islands): फीनिक्स द्वीप समूह आठ एटॉल (Atolls) और दो जलमग्न प्रवाल भित्तियों का एक समूह है जो मध्य प्रशांत महासागर में गिल्बर्ट द्वीप (Gilbert Islands) समूह के पूर्व में और लाइन द्वीप (Line Islands) के पश्चिम में अवस्थित है। वर्ष 2008 में स्थापित 'फीनिक्स द्वीप संरक्षित क्षेत्र' (Phoenix Islands Protected Area) दुनिया के सबसे बड़े संरक्षित क्षेत्रों में से एक है और लगभग 120 प्रवाल प्रजातियों एवं 500 से अधिक मछली प्रजातियों का निवास स्थान है। ये द्वीप समूह किरिबाती गणराज्य (Republic of Kiribati) का हिस्सा हैं। **अत: विकल्प (a) सही है।**

59. (d)

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29, 30, 350A तथा 350B में 'अल्पसंख्यक' शब्द का प्रयोग किया गया है किंतु इसकी परिभाषा कहीं नहीं दी गई है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29 यह उपबंध करता है कि भारत के राज्य क्षेत्र या उसके किसी भाग के निवासी नागरिकों के किसी अनुभाग को अपनी विशेष भाषा, लिपि या संस्कृति को बनाए रखने का अधिकार होगा।
- सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार, अनुच्छेद-29 के तहत प्रदान किये गए अधिकार अल्पसंख्यक तथा बहुसंख्यक दोनों को प्राप्त है।
- अनुच्छेद-30 के अनुसार, धर्म या भाषा पर आधारित सभी अल्पसंख्यक वर्गों को अपनी रुचि के शिक्षण संस्थानों की स्थापना और उनका प्रबंधन करने का अधिकार प्राप्त होगा। अनुच्छेद-30 के तहत प्रदान किये गए अधिकार केवल अल्पसंख्यकों के लिये हैं, बहुसंख्यकों के लिये नहीं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

60. (c)

**व्याख्या:**

- देश के कई राज्यों में, पंचायत और नगरपालिका चुनावों के लिये जिस मतदाता सूची का प्रयोग किया जाता है वह संसद और विधानसभा चुनावों के लिये उपयोग की जाने वाली सूची से भिन्न है।
- विदित हो कि राज्य निर्वाचन आयोग (SECs) को स्थानीय निकाय चुनावों के लिये अलग निर्वाचन नामावली तैयार करने की स्वतंत्रता है और उनके लिये स्थानीय स्तर के चुनाव आयोजित कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग (ECI) के साथ समन्वय करना अनिवार्य नहीं है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इस प्रकार के अंतर का मुख्य कारण यह है कि हमारे देश में चुनावों की देखरेख और उसके संचालन की ज़िम्मेदारी दो स्वतंत्र संवैधानिक प्राधिकारियों, भारत निर्वाचन आयोग (ECI) और राज्य निर्वाचन आयोग (SEC) को दी गई है।
- वर्ष 1950 में गठित भारत निर्वाचन आयोग (ECI) को संविधान के तहत मुख्य तौर पर लोकसभा, राज्यसभा, राज्य विधानसभाओं, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव संपन्न कराने की ज़िम्मेदारी दी गई है।
- वहीं दूसरी ओर राज्य निर्वाचन आयोग को राज्य/संघशासित क्षेत्र के निगम, नगरपालिकाओं, ज़िला परिषदों, ज़िला पंचायतों, पंचायत समितियों, ग्राम पंचायतों तथा अन्य स्थानीय निकायों के चुनावों के संचालन का उत्तरदायित्व दिया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

61. (b)

**व्याख्या:**

- केंद्र सरकार 'पीएम यंग अचीवर्स स्कॉलरशिप अवार्ड योजना फॉर वाइब्रेंट इंडिया' (PM Young Achievers Scholarship Award Scheme for Vibrant India-PM-YASASVI) नामक एक एकल राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना स्थापित करने पर विचार कर रही है, जिसमें सभी मौजूदा छात्रवृत्ति योजनाओं को शामिल कर दिया जाएगा।
- इस योजना का क्रियान्वयन सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (Ministry of Social Justice and Empowerment) द्वारा एक योग्यता परीक्षा आयोजित कराके किया जाएगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- अन्य पिछड़ा वर्ग (Other Backward Class (OBC), SCs, डिनोटिफाइड (Denotified), घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजाति (Nomadic and semi-Nomadic Tribe- DNT) तथा आर्थिक रूप से पिछड़ी जाति (Economically Backward Caste- EBC) श्रेणियों के छात्र राष्ट्रीय छात्रवृत्ति का लाभ उठा सकेंगे। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

62. (c)

**व्याख्या:**

- आसियान भारत व्यापार परिषद' (ASEAN-India Business Council or AIBC) की स्थापना मार्च 2003 में कुआलालंपुर (मलेशिया) में की गई थी। अतः कथन 1 सही नहीं है।
- AIBC के सचिवालय की स्थापना वर्ष 2015 में मलेशिया में की गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- आसियान-भारत आर्थिक मंत्रियों की वार्षिक बैठक के दौरान 'आसियान भारत व्यापार परिषद' की बैठक का भी आयोजन किया जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

63. (b)

व्याख्या

- दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 ने वर्ष 1995 के दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम का स्थान लिया था।
- इस अधिनियम में दिव्यांगता को एक विकसित और गतिशील अवधारणा के आधार पर परिभाषित किया गया है और दिव्यांगता के मौजूदा प्रकारों को 7 से बढ़ाकर 21 कर दिया गया है। इसके अलावा केंद्र सरकार को यह अधिकार दिया गया है कि वह दिव्यांगता के प्रकारों को और अधिक बढ़ा सकती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- अधिनियम के तहत बेंचमार्क विकलांगता (Benchmark-Disability) से पीड़ित 6 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिये निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है।
  - बेंचमार्क विकलांगता से अभिप्राय उन लोगों से है जो कम-से-कम 40 प्रतिशत विकलांगता से प्रभावित हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- अधिनियम के प्रावधानों के तहत दिव्यांग व्यक्तियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिये एक अलग राष्ट्रीय तथा राज्य कोष बनाया जाएगा।

नोट :

64. (d)

व्याख्या

- केरल के महान शासक राजा महाबली (King Mahabali) की स्मृति के सम्मान में ओणम (Onam) का त्योहार मनाया जाता है।
- केरल का सबसे लोकप्रिय पर्व ओणम प्राय: सितंबर माह के पहले पखवाड़े में मनाया जाता है। यह राज्य का कृषि पर्व कहलाता है तथा इसे मुख्य तौर पर मलयाली हिंदू मनाते हैं।
- ओणम मलयालम कैलेंडर के पहले महीने 'चिंगम' से शुरू होता है, इसलिये इसे मलयाली हिंदुओं का नववर्ष भी कहा जाता है।
- लगभग 10-12 दिन तक चलने वाले इस उत्सव का पहला और आखिरी दिन सबसे महत्त्वपूर्ण होता है।
- यह त्योहार असुर राजा महाबलि के पुन: घर आगमन का भी प्रतीक है। ओणम पर 26 पकवानों वाले सद्या (Sadya) को केले के पत्ते पर खास तरीके व क्रम में परोसा जाता है, जिसे सद्या थाली कहते हैं तथा इस भव्य महाभोज को 'ओणासद्या' (Onasadya) कहा जाता है। यह ओणम का सबसे महत्त्वपूर्ण आयोजन होता है।
- ओणम के दिन पारंपरिक खेलों, संगीत और नृत्य का आयोजन होता है। **अत: विकल्प (d) सही है।**

65. (a)

व्याख्या

- भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने चीन के आक्रामक राजनीतिक और सैन्य व्यवहार के मद्देनज़र चीन पर अपनी निर्भरता को कम करने के लिये एक त्रिपक्षीय सप्लाई चैन रेज़ीलिएंस इनीशिएटिव (Supply Chain Resilience Initiative-SCRI) शुरू करने के प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं।
- भारत-जापान-ऑस्ट्रेलिया के बाद भविष्य में आसियान (ASEAN) देशों को भी इस पहल में शामिल होने के लिये प्रेरित किया जाएगा। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस पहल के तहत भागीदार देशों के बीच पहले से मौजूद आपूर्ति शृंखला नेटवर्क को और मज़बूत करने पर ध्यान दिया जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- जापान द्वारा प्रस्तावित सप्लाई चैन रेज़ीलिएंस इनीशिएटिव (SCRI) का प्राथमिक उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र को 'आर्थिक महाशक्ति' के रूप में बदलने के लिये अधिक-से-अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करना और भागीदार देशों के बीच परस्पर पूरक संबंध स्थापित करना है।
- इस पहल के माध्यम से अंतत: हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सप्लाई चैन रेज़ीलिएंस अवधारणा को और अधिक बल दिया जाएगा।

नोट :